भारत की जनता को बतायेंगे क्या कि हम क्या कर रहे हैं । तो तर्क के कारण और ऋण लेने के कारण यह लोग योजना बनाते हैं, योजना में और कोई आत्म-निर्भरता वगैरह का उद्देश्य है नहीं । योजना का नतीजा अलबत्ता यह हुआ है कि विदेशी सहायता में अगर सब अब कर्जा जोड़ा जाय और मैं वह 20 करोड़ रुपया जो अंग्रेजों के यहां बाकी था उस को भी जोड़े लेता हूं और अवमूल्यन से जो रुपया बढ़ा है उस को भी जोड़ लेता हूं तो आज 80 अरब हो गया है और 1950 में कुल 32 करोड़ था । 32 करोड़ से 80 अरब । 200 गुना बढ़ा है । अगर उसके साथ साथ आय बढ़ी होती, पूंजी बढ़ी होती, व्यापार खेती बढ़ी होती तो बात समझ में आती लेकिन ऐसा मालूम होता है कि यह सरकार उस बाप की तरह है जो अपने बेटे के ऊपर अपने चालू खर्चे का बोझ डालता रहता है और उस को शर्म भी नहीं लगती कि क्या वह कर रहा है ? इसी तरह से इस योजना का नतीजा यह हुआ है कि कहीं किसी तरह का विचार दर्शन नहीं रहा और अगर आप याद करें तो सिलसिलेवार इस सरकार ने क्या कहा ? क्या विचार अपने सामने रखा ? एक दफे कहा सब वाद खत्म करो, सब इज्म खत्म करो, खाली हिन्दुस्तान बनाओ । फिर वह, जब काफी नहीं लगा तो दूसरा इन्होंने नारा लगाया जिस का कामनवेल्थ नाम रखा, पता नहीं क्या अर्थ निकलता है उस का ? फिर वह खत्म हुआ । तब कहा कि हम कल्याणकारी राज बनायेंगे । फिर वह खत्म हुआ तब कहा कि अब हम समाजवादी ढांचा बनायेंगे । अब समाजवाद है । वास्तव में केवल एक वाद है कि कोई भी वाद मत रखो क्योंकि जो विदेशी सहायता देने वाले लोग हैं वह चाहते हैं कि इस देश में वाद नहीं रहना चाहिए । इस देश में योजना पदार्थ के ऊपर बने । मुझसे न जाने कितने लोगों से बात हुई है विदेशियों से । वह झट से कह देते हैं कि तुम्हारे देश को जानते हो क्या चाहिए ? ट्रैक्टर चाहिए, तुम्हारे देश को उर्वरक चाहिए । हमेशा पदार्थ के बारे में बात करते हैं । यह खाली अमेरिका नहीं रूस भी कहता है । वह भी कहते हैं, तुम्हारे देश को जानते हो क्या चाहिए ? बोकारो चाहिए, तुम्हारे देश को फौलाद चाहिए । हमेशा पदार्थ की बात करते हैं । कभी भी वह मनुष्य की, मनुष्य के दर्शन की, सम्पत्ति के रिश्तों की, किस तरह से व्यापार खेती कारखानों के संगठन को बनाया जाय इस की चर्चा नहीं करते । इस मामले में रूसी और अमरीकी एक जैसे हो गए हैं और क्यों न हो जायं ? रूसी अब अपना अतीत भूल चुके हैं । अब वह आज के रूस को जानते हैं । वह देखते हैं कि आज का रूस खुश हो रहा है, सुखी हो रहा है । तो जो उनका वर्तमान अनुभव है वही अनुभव वह हिन्दुस्तान के ऊपर भी लाद देना चाहते हैं । अमरीका और रूस दोनों चाहते हैं कि यहां पर एक खर्चीला और आधुनिक वर्ग पैदा हो जाय जो उन की नीतियों

[डा० राम मनोहर लोहिया]

को समझौता हुआ आगे बढ़ा सके । उनकी नीतियों में संघर्ष बहुत कम होता है । मैंने बताया जहां होता है वहां थोड़ा सा तन और मन वाला वरना स्थिरता दोनों चाहते हैं । स्वतंत्र आर्थिक विकास, अथवा स्वतंत्र आर्थिक चिन्तन इस योजना के कारण अपने देश में बिल्कुल खत्म हो चुका है क्योंकि हर एक के मन में अब यही हो गया है कि बाहर से पैसा लेते रहो, दोनों तरफ के आय व्यय को मिलाते रहो । किसी तरह से एकाध नये कारखाने बनाते रहो और अकाल को स्थित में हमेशा पड़े रहो । इस के लिए उदाहरण भी दिए देता हूं कि पहली योजना कोलम्बो प्लान में शामिल थी । दूसरी योजना की तैयारी में मैसाचूसेट्स इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी और हार्वड विश्वविद्यालय ने मदद दी थी । कितना ज्यादा यह मामला बढ़ता चलात आ रहा है और भुगतान संतुलन की बात तो मैंने आप से कही ।

अब इतनी स्थिति जब खतरनाक हो जाय तब मसानी साहब का कहना—बोकारो काटो—हो सकता है किसी हालत में सही हो और डांगे साहब का कहना कि त्रिवी पर्म काटो यह भी सही है । बिलकुल सही है हालांकि जो तर्क उन्होंने दिया वह अधूरा था । उन्होंने केवल तर्क दिया कि खाली पांच करोड़ रुपये का मामला नहीं है । उसके साथ साथ अधिकारों वगैरह का मामला है । यह मामला तो बहुत ही खतरनाक है । कुल कुटुम्ब और जाति की राजनीति का मामला है । जब तक हम अपने देश में ऐसा वर्ग बनाए रखेंगे जो केवल अपने जन्म और पैदाइश के कारण किसी विशेष अवसर को पाता रहेगा तब तक देश सुधर नहीं पायेगा । लेकिन मैं दोनों से कहूंगा कि यहीं क्यों रुकते हो ? इन्हीं को क्यों काटते हो ? और जरा आगे बढ़ो और काटो । मंत्रियों की सुविधाओं को काटो और करोड़पतियों की सुविधाओं को और नफे को काटो । देश में और जो फिजूलखर्ची होती है उसको काटो । मुझे आश्चर्य होता है जब इस सभा में, इस सदन में छोटी मोटर गाड़ियों के ऊपर बहस होती है । मेरी बात को गलत छापा जाता है । मैं छोटी गाड़ियों के खिलाफ नहीं हूं । मैं सब तरह की निजी गाड़ियों के खिलाफ हूं । जितना भी मोटर गाड़ियां बनाने का हिन्दुस्तान में इन्तजाम है वह अगले पन्द्रह बीस वर्ष तक सिर्फ ट्रैक्टर, बस, टैक्सी अथवा सिंचाई की मशीनों के लिए इस्तेमाल किया जाय । निजी मोटर गाड़ियां छोटी या बड़ी बनाई ही न जायें वहां पर रोक होनी चाहिए । उसी तरह से मकान और महल क्यों बनाए जायं । अगले पन्द्रह बीस वर्ष तक उन पर खर्चा रोक दिया जाय । अब स्कूल वाली बात तो धीरे धीरे लोगों की समझ में आने लगी है । सरकार के भी कागजों में वह बात आ रही है कि चाहे बड़े आदमी हों, चाहे छोटे आदमी हों सब के बच्चे कम से कम पांच से दस वर्ष की उम्र तक एक साथ पढ़ें । अगर इन सब खर्चों को जोड़े आप को कई अरब रुपये की बचत हो जायगी ।

वित्त मंत्री साहब प्रदेशों को कहते हैं कि जैसे मन में आये करो लेकिन अपने साधनों से । अगर मैं किसी प्रदेश का होता तो मैं कहता वित्त मंत्री जी, आप भी अपने ही साधनों से खाली करो । विदेशी कर्जे से नहीं । नोट छाप कर नहीं क्योंकि जो नोट छापते हो उस में जितना आप का है उतना ही हमारा भी है । अपने साधनों में काम करने की जो चुनौती यह देते हैं बार बार इन को चुनौती अगर प्रदेशों ने देना शुरू कर दिया और मैं चाहता हूं कि वह देना शुरू करें तो तब इनको पता चल जायगा कि यह कहां तक स्वयं आगे बढ़ सकते हैं ।

मैं समझता हूं कि भारत का बजट बहुत अच्छा साधनों के हिसाब से और आज की गिरावट की हालत में बनाया जा सकता है बशर्ते कि खाली आय-व्यय के हिसाब से न

देखा जाय। साधन श्रम है, साधन खर्चे में कमी है। मैंने अभी खर्चे की कमी की बात कही, स्रोत के ऊपर, उस के अलावा और तरीकों से। मुझे इससे मतलब नहीं किन चीजों का राष्ट्रीयकरण करते हो, जरूरत पड़े सब चीजों का राष्ट्रीयकरण करो। मुझे इस से मतलब नहीं कि खर्चे के ऊपर केवल सीमा कानून से लगाते हो या आयकर से लगाते हो या किस तरह से लगाते हो, लेकिन सीमा बांधो खर्चा करने के लिए चाहे जैसे भी हो। आज के हिन्दुस्तान में मैं पन्द्रह सौ रुपये से ज्यादा किसी को नहीं खर्च करने देना चाहता हूं। जिसमें वित्त मंत्री का तो पन्द्रह सौ भी नहीं पड़ेगा, बारह तेरह सौ शायद पड़ जाय तो पड़ जाय और उसमें सुविधाएं वगैरह शामिल हों। तो खर्चे की अगर सीमा बांध दी जाय तो मेरे हिसाब से करीब हजार से पन्द्रह सौ करोड़ यानी 15 अरब रुपया साल बच सकता है। लोग इस हिसाब को सुनकर दंग रह जाते हैं लेकिन वास्तविक स्थिति यही है। यह बात सही है जो हनुमंतैया साहब ने कही कि अब इस तरह का खर्चा कम करोगे तो सही बात है कि जो आजकल सरकारी नौकरों की तादाद बढ़कर सवा करोड़ डेढ़ करोड़ हो गई है जिस में कि एक लाख सरकारी नौकर तो आप जैसे बड़े लोगों की शान शौकत, ठाट बाट के लिए हैं, सलामी देने के लिए हैं और कुछ लंगूर लोग जाकर के सलामी ले भी लिया करते हैं, यह एक लाख आदमी जो हैं, इन के ऊपर खर्चा कम करना है तो मैं यह नहीं कहता कि इनको काम से बाहर निकाल दो। लेकिन यह सही है कि आपकी सरकार में दम नहीं है, शायद हमारी सरकार में भी दम नहीं है लेकिन वह सरकार जो दम रखेगी इन लोगों से खेती का खाने में काम कराने का या उन को बरखास्त करने का वही हिन्दुस्तान के मसले को हल कर सकेगी और कोई सरकार वहां के मसले को हल नहीं कर सकेगी। हजार से पन्द्रह सौ करो।

बोनस वगैरह के मामले में भी कह देना चाहता हूं। मुझे यह अच्छा नहीं लगता है—साफ बात है—एक तरह का चक्कर चलता है, लेकिन चक्कर चलाता कौन है? केन्द्रीय नौकरों का बोनस बढ़ाते हो अपनी गद्दी को बरकरार रखने के लिये, तो प्रान्त के नौकर अपना बोनस क्यों नहीं बढ़वाना चाहेंगे। आपका जितना काम होता है, गद्दी पर बैठे रहने के लिये होता है, तो मेरे जैसा आदमी इस बात को जरूर कहना चाहता है कि आज ऐसा हिन्दुस्तान होना चाहिये, कि जिसमें जितनी चिन्ता नीचे के नौकरों का बोनस बढ़ाने की होनी चाहिये, उस से ज्यादा चिन्ता ऊपर वालों के खर्चे और सुविधायें घटाने की होनी चाहियें। जब बड़े बड़े मंत्रियों के घरों में नमक, दाल, हल्दी के दामों की फिक्र होने लग जायगी, तब जाकर चीजों के दाम गिरेंगे, उस से पहले गिरने वाले नहीं हैं। तो पहले बड़े लोगों के खर्चे गिराओ। यह श्रम का संकट है। चरित्र का संकट है—लोग ऐसा बोलते हैं, क्यों? क्योंकि जो बड़े लोग हैं, वे बड़े लोग ईमानदार नहीं रह गये हैं। क्योंकि पिछले 20 वर्षों से लूट-खसोट मची हुई है, जो पाया उड़ाया। यहां की अर्थ-व्यवस्था विकासोन्मुख नहीं है, फैलाव इसमें नहीं रह गया है, विश्वास खत्म हो गया है, आज भारत की जनता को विश्वास नहीं रह गया है कि हमारी खेती और कारखानों में तरक्की हो सकती है या फैलाव हो सकता है और जब यह विश्वास खत्म हो जाता है तो हर समूह अपने टुकड़े को बढ़ाना चाहता है, हर व्यक्ति अपने हिस्से को बढ़ाना चाहता है—चाहे भाषा के नाम पर, चाहे प्रदेश के नाम पर, चाहे जाति के नाम पर, हर तरफ लूट मची हुई है कि अपना अपना हिस्सा बढ़ाओ क्योंकि कुल हिस्सा बढ़ाया नहीं जा सकता। यह श्रम का संकट बड़ा जबरदस्त है।

मैं एक चीज कह दूं—जो कुछ आंकड़े मैंने बतलाये हैं, उस के लिये मुझे बहुत ज्यादा मदद मिली है एक नौजवान अध्यापक से—काशी विद्यापीठ के श्री कृष्ण नाथ शर्मा से। दूसरे नौजवान लोग भी जरा स्वतंत्र चिन्तन इस ढंग से किया करें, तो ज्यादा

[डा० राम मनोहर लोहिया]

अच्छा है । तो केन्द्रीय योजना के लिए इस बजट में 1176 करोड़ रुपये कि व्यवस्था की गई है यानी 11 अरब रुपये की, जबकि चौथी योजना के मसविदे के मुताबिक औसत 2516 करोड़ रुपये का था यानी 25 अरब रुपये का । 25 अरब से 11 अरब पर उतरे हैं, 14 अरब काटे हैं मोरारजी भाई ने. . . .

The Minister of Planning, Petroleum and Chemicals and Social Welfare (Shri Asoka Mehta): That is not true. He must include the outlay on the States' plans also. It would be about Rs. 2000 crores.

डा० राम मनोहर लोहिया : वह भी गिन लीजिए, उस में कोई सुधार हो तो बता दीजिये, चलो इस को भी ले लो । अब मैं आपको थोड़ा सा और ज्यादा सहारा दिये देता हूं, आप 2000 करोड़ कह रहे हैं, लेकिन राज्यों का 3420 करोड़ रुपया इस के अलावा है, वह भी आप जोड़ लें । सवाल यह है कि 1000 हजार करोड़ रूपया हर हालत में मोरारजी भाई ने काटा है, साहब ने काटा है, मैं साहब कहना भूल रहा था । अगर यह कट सकता है, तो मुझे कुछ कहना नहीं है, लेकिन मुझ से मत पूछना कि कैसे काटा है, आपने काटा है, अशोक मेहता के गले पर छुरी चलाई है एक हजार करोड़ रूपये की । मैं चाहता हूं कि उस रुपये का और किसी काम में नहीं, केवल सिंचाई के हर एक काम में प्रयोग होना चाहिये, चाहे वह जमुना जैसी गन्दी नदी से पानी उलीच कर फेंक देने में, जैसे आसमान पानी फेंकता है, चाहे नहर से पानी फेंको, जमीन के नीचे से पानी निकालो, चाहे कच्चे कुंए से, चाहे मशीन के कुंए से, जिस तरह से भी हो, पानी निकालो । अगर मैं जरा भी इस सरकार के ऊपर ताकत रखता तो इस सारे बजट को ऐसा बनाता और ये सारे साधन मौजूद हैं, इनके द्वारा ऐसी व्यवस्था करता कि यह जो तीन-चार अरब रुपया हम परदेसियों को खाने के लिये देते हैं, पहले ही साल में उस में आधे या तीन चौथाई की कमी हो जाती, और दूसरे वर्ष तक वह बिलकुल साफ हो जाता । पांच साल के अन्दर अन्दर पूरी जमीन को पानी मिल जाता, लेकिन इस काम के लिए एकाग्र मन चाहिये, आज एकाग्र चिन्ता नहीं है और हो कहां से ?

मुझे, उपाध्यक्ष महोदय, थोड़ी सी इजाजत देंगे, क्योंकि मेरे बारे में कुछ बातें कही गई हैं . . . . . .

Mr. Deputy-Speaker: He should conclude now.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : हमारी ओर से एक ही वक्ता हैं, और कोई नहीं बोलेगा ।

डा० राम मनोहर लोहिया : यह कहा गया —कि यह आदमी बातें तो इस ढंग की करता है, लेकिन क्या यह कोई पूंजीपति है? एक साहू-जैन हैं, उस से एक लाख रुपया लेकर उसकी एक पैटीशन (याचिका) लोक सभा में दिलवादी है । "साहू-जैन से—उनकी याचिका"—मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूं, हालांकि मैं इसमें अपनी इज्जत की कमी समझता हूं कि मैं कहूं कि यह बात बिलकुल झूठ है, लेकिन फिर भी मैं कहे देता हूं । एक भले आदमी को इस बात के कहने की जरूरत पड़ी और आपकी इतिला के लिये बता दूं कि मुझे इस याचिका का तब पता चला, जब यह लोक सभा में दी जा चुकी थी और अखबारों में यह बात छपी थी, खैर मैं उसको छोड़े देता हूं । अब मैं इस पूंजीपति और अपने संबंध के बारे में कहे देता हूं, यह जो साहू-जैन महाशय हैं, इन के एक आदमी हैं, श्री राम कृष्ण डालमिया—मैं एक बात और कह दूं, मुझ को अमीर न समझ लेना, मेरे पास एक इंच भी जमीन नहीं है, पैसा नहीं है । मेरे किसी रिश्तेदार ने श्री राम कृष्ण डालमिया का जब दिवाला निकल रहा था,

उन को कर्जे के तौर पर रुपया दिया था। उन्होंने बताया कि अगर आज के हिसाब से सूद समेत लिया जाय तो पांच से दस लाख रुपया हमारे हिस्से पड़ेगा, मैं अभी तक उसका इन्तजार कर रहा हूं, वह अभी तक नहीं आया है। इसी साहू-जैन ने मुझे को बताया कि तुम तो अजीब आदमी हो, कांग्रेसवाले तो कोहनी पकड़ने देते हैं, कम्यूनिस्ट पहुंचा पकड़ने देते हैं, तुम तो अंगुली भी नहीं पकड़ने देते। क्योंकि मैं तो 1500 रुपये पर रोक लगाना चाहता हूं।

टाटा साहब ने एक बार मुझे खुद लिखा था, मुझे बड़ा अफसोस है कि उस वक्त मैंने उस का जवाब नहीं दिया, उस वक्त जवानी की कम उम्र थी। मैंने जमशेदपुर में एक भाषण दिया था कि टाटा साहब की रोज की 10—15 हजार रुपये की आमदनी है। उन्होंने लिखा था कि यह गलत है। तब मैंने उस पर बहस करने की जरूरत नहीं समझी, लेकिन आज मैं उनसे माफी मांगते हुए कहना चाहता हूं कि अगर उनकी सुविधाओं को जोड़ा जाय, जिसको वे लोग एमेनिटीज कहते हैं, तो यह आमदनी उस से भी कहीं ज्यादा है। एक बात मैं यहां पर यह भी कह दूं कि भारत में आज का जीवन न सिर्फ निर्लज्ज है, गन्दा है, खराब है, क्योंकि इस में एक्सपैन्डिचर एकाउन्ट को इन्कमटैक्स में नहीं जोड़ा जाता है। इन्कमटैक्स के जो तरीके इन्होंने बना रखे हैं, उस के हिसाब से जितना मन में आये खर्च करो, खूब खर्च करो, क्योंकि अगर बच जायगा तो आय कर में चला जायगा, इस लिये खर्च करने की प्रवृत्ति बढ़ी हुई है।

आज कल बिरला की बात चल रही है। एक बार एक बिरला ने मुझ से कहा था, जब गांधी जी जिंदा थे, कि कांग्रेसियों से तो तुम ही अच्छे हो। मैंने कहा कि क्या सरदार पटेल ने कोई नया टैक्स लगा दिया है आपके ऊपर ? बोले, तुम तो हमेशा मजाक करते हो। कांग्रेस वाले कहते हैं कि पहले मोटे हो जाओ, 10 साल बाद काटेंगे। तुम कहते हो कि अभी काटेंगे। मैंने कहा याद रखना हम तुम्हारी जिन्दगी बचाने की हमेशा कोशिश करेंगे, आपका पैसा जरूर छीनना चाहते हैं, लेकिन सिर नहीं कटने देंगे। अगर मेरे हाथ में ताकत रही तो मैं चाहता हूं कि पूंजीपतियों का व्यापार का जो हुनर है, अकल है वह हिन्दुस्तान की खेती और कारखाने में इस्तेमाल की जाय। लेकिन, उपाध्यक्ष महोदय, अगर आपके ऊपर कोई कुत्ता छोड़ा जाय तो उस कुत्ते से तो कतरा जाओगे लेकिन उसके मालिक की गरदन पकड़ोगे न। मैंने सोचा था कि मैं शायद अब इस काम को न करूं लेकिन मुझे मजबूर होकर फिर से इस सरकार के मुखिया प्रधान मंत्री के व्यवहार के बारे में विचार करना पड़ता है क्योंकि जो कुछ बातें मैं कहता हूं वह आधार सहित कहता हूं और जो आरोप लगाता हूं उस के पीछे तथ्य है। अगर उस का नतीजा यह निकलता है कि मन में आया जहां जिस को मेरे ऊपर छोड़ दिया जाय तो मैं यह बताना चाहता हूं कि वह बिड़ला हैं न, इन्होंने प्रधान मंत्री का मार्ग प्रशस्त करने के लिये अमरीका में 10 लाख से ज्यादा खर्च किया। न्यूयार्क टाइम्स का एक विशेषांक निकाला था। यह दोस्ती कोई बहुत नई नहीं है। जब उन की शादी हुई थी तब भी बिड़ला लोगों ने 50,000 रुपये का हार दिया था। हार से कोई शोक है इन को। अच्छा है कोई बुरी बात नहीं है। मैंने सुना है कि औरतों का सब से अच्छा दोस्त आखिर हीरा ही हुआ करता है और उसके साथ साथ मुझे यह भी याद है...

Shri Hanumanthaiya: May I rise on a point of order? We have all got much respect for Dr. Lohia. Let us deal at the political level instead of going into all kinds of personal matters. That is my appeal to him.

डा० राम मनोहर लोहिया : आप समझते हो कि यह पर्सनल है लेकिन यह पर्सनल बिलकुल नहीं है .....

Mr. Deputy-Speaker: I entirely endorse what he said just now, because it will bring down the dignity of this House ultimately if we indulge in personal recriminations.

डा० राम मनोहर लोहिया : यह पर्सनल बिलकुल नहीं है । मैं कोई निजी बात नहीं कहता । उस का संबंध जब सार्वजनिक रूपये से होता है तब मैं कहता हूं वरना कुछ नहीं कहता । निजी बात मैं बिलकुल नहीं कहा करता, अपनी जिंदगी में कही नहीं है वरना न जाने यहां क्या क्या बातें कही जा सकती हैं ? उपाध्यक्ष महोदय, मैं हमेशा सार्वजनिक बात को ही यहां चर्चा करता हूं । नेपाल के राणा पदम शमशेर की हीरों की डलिया का क्या हुआ ? और वह सऊदी अरेबिया के हार का मैंने सुना कि रिजर्व बैंक ने उसे 10,000 या 40,000 में नीलाम किया । क्या वह तेलका (?) का महाराणा इतना कंजूस था कि 10,000 का हार देकर चला गया ? यह अजीब हालत हो रही है । लोगों को बोलते वक्त याद रखना चाहिए कि वह किस के बारे में बोल रहें हैं ? मैं चाहता हूं कि इस सदन की एक जांच बिठायी जाय जो मेरी भी हर एक सम्पत्ति की पूरे तरीके से जांच कर ले अगर कहीं निकले और इस तरीके से प्रधान मंत्री की भी सब सम्पत्ति की जांच की जाय तब पता चलेगा कि यह पिछले बीस वर्ष समाजवाद के वर्ष रहे हैं या यह पिछले 20 वर्ष लूटो, खाओ और यह अर्थ-व्यवस्था को विकासोन्मुख न बना कर बिलकुल पतनोन्मुख ले चले । इस के पीछे है यह सारा मामला । आप जान रहे हैं कि किस हद तक इस कांग्रेस संगठन ने जो किसी समय आजादी और एकता का संगठन था किस हद तक इस ने विघटन से खेलना शुरू कर दिया है ?

मीजो और नागा आप सुन चुके हो अब मैं आप से खासी उस इलाके की बात कहता हूं जो असम के बिलकुल हृदय में है, खासी जयन्तिया, वहां पर भी पूर्ण स्वतंत्रता का आन्दोलन छिड़ चुका है और एक बड़ा लड़का, लड़का कहूं या 27–28 वर्ष का युवक जिसका नाम बड़ा विचित्र है । उस का नाम स्टालिन कैसे पड़ा ? वह स्टालिन राजी अगस्त सन 1966 से जेल में है । वह आन्दोलन जोर पकड़ता जा रहा है । मैं नहीं बतलाऊंगा कि उस के रिश्तेदार कौन हैं ? ऐसे भी रिश्तेदार हैं जो इस सरकार के इर्दगिर्द रहते हैं और वह पाकिस्तान में लालडेंगा से बातचीत कर चुके हैं । उस तरीके से गारो पहाड़ियों में कप्तान संगमा अपने डेढ़ सौ आदमियों को पाकिस्तान भेज चुका था । मामला बहुत ज्यादा बढ़ रहा था लेकिन अभी मालूम होता है कि अन्दर अन्दर कुछ उस को वचन दे दिया गया है इस लिए कुछ स्थिर है तो यह गारो, मीजो, खासी जयन्तिया नागा हिल्स, यह जितने इलाके हैं यह टूट रहे हैं । यह क्यों टूट रहे हैं ? ऐसा इस लिए है क्योंकि यह सरकार असम में अपने वोट को सुरक्षित रखना चाहती है । असम की गद्दी पर बैठे रहने के लिए और अपने वोट को सुरक्षित रखने के लिए यह हर तरीके का काम करने के लिए तैयार है । जरूरत जहां होती है सख्ती की वहां नरमी बर्तती है और जहां जरूरत होती नरमी की वहां सख्ती बर्तती है । इस का सारा मामला उलटा पड़ा हुआ है और न सिर्फ असम में बल्कि देश के और हिस्सों में आप ने देखा होगा कि किस तरीके से यह शिव सेना गैरह बनाते हैं चुनाव जीतने के लिए । लड़ाओ, वोट लेना है ।

Shri Chintamani Panigrahi: What about the RSS?

डा० राम मनोहर लोहिया : अरे आर० एस० एस० का नाम क्यों लेते हो मेरी पार्टी का नाम ले लेते तो मैं मान जाता । यही तो मैं कहना चाहता हूं कि यह सारे देश की सड़ांध, सारे देश का विघटन उस की बुनियादी और केन्द्र आप कांग्रेस वाले हो और वह छूत हम पर भी लगती है और हम भी आप की नकल करने लग जाते हैं । इसलिये जरा इस

तरीके से आप बात मत करो, कुछ देखने की कोशिश करो . . . (व्यवधान)

Shri Randhir Singh: Why do you say baseless things? It is unbecoming of a leader like you. You should not go down so low.

श्री शिव नारायण (बस्ती) : सब देखा है। आप ने एलैक्शन में क्या किया ? आप गोली चलवा कर आये हैं . (व्यवधान)

डा० राम मनोहर लोहिया : उपाध्यक्ष महोदय, वोट लेने के लिए ये लोग कहां तक जा सकते हैं ? अभी उन्होंने गरीब उड़िया और तेलगू का झगड़ा मचा डाला था। तेलगू के एक कांग्रेसी ने उड़िया लोगों के बारे में कुछ गंदी बातें लिखीं और फिर उड़िया के कांग्रेसियों ने उस का इस ढंग से जवाब देना शुरू किया कि जिसमें झगड़ा खड़ा हो जाये। केन्द्र की जो कांग्रेसी सरकार है वह इस तरह की अनुचित हरकतें वोट हासिल करने और पावर में रहने के लिए करने से नहीं चूकती। हमारी राजनीति इस तरीके की हो गयी है कि उस में सड़ांध मौजूद है . . . (व्यवधान)

Shri Chintamani Panigrahi (Bhubaneswar): It is completely wrong. The Swatantra people are doing it.

डा० राम मनोहर लोहिया : ठीक है सब कर रहे हैं। स्वतंत्र वाले कर रहे हैं, ठीक है आप ने जो यह कहा लेकिन मैं नहीं कहूंगा कि स्वतंत्र वाले कर रहे हैं मैं तो कहता हूं कि हिन्दुस्तान की राजनीति सड़ गई है। वोट लेने के लिए हर पार्टी गंदी बन गयी है लेकिन क्या इस गंदगी में केन्द्र की कांग्रेस सत्ताधारी पार्टी पीछे है ? मेरा कहना है कि जब तक यह गन्दगी केन्द्र से खत्म नहीं होगी तब तक स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ या संसोपा कोई भी पार्टी अच्छी नहीं हो पायेगी। इसलिए उस केन्द्र को खत्म करने की जरूरत पड़ गयी है।

उसी तरीके से मैंने आपको केन्द्रीय नौकरों और प्रदेशीय नौकरों के झगड़े को बताया है। इस के अन्दर कैसे चलता है। जहां मौका पाते हैं उभारते है। मालूम होता है कि अंग्रेजों से इन्होंने और कोई चीज सीखी हो या न सीखी हो लेकिन एक चीज अवश्य सीखी है कि लोगों को आपस में लड़ाओ और अपना उल्लू सीधा करो। आजकल के जमाने में उल्लू सीधा करने का मतलब है वोट पाओ और राज्य चलाओ। ऐसी चीज चल पड़ी है। आजकल आंख में धूल झोंकने की कोशिश की जा रही है।

एकाधिपत्य की समाप्ति की चर्चा बड़ी चल पड़ी है। मुझे अफसोस होता है कि कैसे लोग इस चक्कर में फंस जाते हैं ? अमरीका में जितना ऐंटी ट्रस्ट आन्दोलन हो चुका है क्या दुनिया में कहीं और हुआ है ? वह लगातार 20 वर्ष तक हुआ था। आप जानते हैं कि वह किस बात पर हुआ था ? रौकफिलर नाम की एक बड़ी कम्पनी वाले हैं। एकाधिपत्य के खिलाफ कानून पास कर दिया गया तो देखा गया कि उधर स्टैन्डर्ड आयल कम्पनी आफ न्यु जर्सी और कालटैक्स आदि बन जाती हैं और भी न जाने कौन कौन सी कम्पनियां बन जाती हैं। इस तरह से पांच, पांच और 6, 6 कम्पनियां में बंट जाते हैं। रौकफिलर पहले जितने अमीर थे उससे ज्यादा अमीर बने रहते हैं। इन अमीरों से आप ऐसे पार नहीं पाओगे कि एक कानून उन के लिए बना दिया गया है और आप का मकसद पूरा हो गया। वह अपने को कई कम्पनियों में तोड़ देगें और इस तरह से अपनी मोनोपली बढ़ाते चले जायेंगे। बिड़ला साहबों में से अगर कोई साहब मुझ को सुनता होता तो उन से जरूर मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं ने सुना है कि उन्होंने वर्तमान प्रधान मंत्री को जिताने में मदद पहुंचायी थी। अब जरा उन को सोचना चाहिये कि हिन्दुस्तान के पूंजीपति पैसा कमाने में बड़े चतुर मालूम होते हैं लेकिन उन की राजकीय सूझबूझ बड़ी नादान है। नहीं तो

[डा राम मनोहर लोहिया]

यह समझ पाते कि यह छल की रानी किस तरह से बड़े पूंजीपतियों को आपस में लड़ा कर अपना उल्लू सीधा कर सकती है। अगर कोई बिड़ला इस बात को समझ जाये तो जरा मामला आगे बढ़े। रौकफेलर की बात मैंने आप से कही।

एक चीज मैं आप से कहना भूला जा रहा था, जब मैंने आप से अमरीका और अमरीकी सहायता की चर्चा की थी, कि यह अमरीका वाले कभी कभी कितने गन्दे हो सकते हैं। कुछ दिनों पहले मेरे पास एक अतिथि आया। उस का नाम है प्रो० सडनी हिलमैन। वह कैनेडो साहब के जमाने में दक्षिण एशिया का और एसि-याई मामलों का सचिव था और जिस वक्त चीन ने हिन्दुस्तान पर हमला किया वह यहां पर शायद ऐवेरेल हैरिमेन या किसी मिशन में आया था। तब उस ने उस वक्त के प्रधान मंत्री से कहा था कि देखो तुम पाकिस्तान से समझौता कर लो, तब जा कर चीन से अच्छी तरह मुकाबला कर पाओगे। तब, उस प्रोफेसर ने मुझे बताया कि हैरिमेन साहब ने कहा था कि मालूम होता है तुम लोग कुछ बूढ़े हो गये हो, कुछ थक गये हो, एक नई बात करते हुए डरते हो, इसलिये यह चीज कर नहीं पाये। मैंने कहा : देखो प्रोफेसर, शायद तुम सही कह रहे हो, लेकिन एक बात यदि रखना कि अमरीका वालों के पास धन बहुत है। और बम बहुत है। जिन के पास धन और बम ज्यादा होते हैं, बुद्धि उन की कुछ स्थूल हो जाया करती है। नतीजा यह हुआ कि जब वह मिशन यहां आया था तब उस ने भारत सरकार से क्या कहा कि काश्मीर के ऊपर समझौता करलो। अगर कहीं अमरीका को यह अक्ल आई होती और कहते कि भारत और पाकिस्तान का जो बटवारा 1947-48 में हुआ था उसको खत्म करते हुए कोई ऐसा समझौता कर लो जिस में काश्मीर का समझौता अपने आप हो जाये, तो बड़ा मजा आया होता। प्रोफेसर कहने लगा कि शायद तुम सही कह रहे हो? शायद मुझे खश करने के लिये कहा हो या उसके दिमाग में यह बात आई हो।

यह लोग कैसे होते हैं इसके संबंध में मेरे पास प्रवाशचन्द्र लहड़ी की लिखी हुई एक किताब है पूर्वी पाकिस्तान के संबंध में, उसके एक दो वाक्य पढ़कर सुनाता हूं। पूर्वी पाकिस्तान में 1954 के साधारण चुनाव में मुस्लिम लीग खत्म हो गई। शायद संसार में यह सब से अद्भुत चुनाव था क्योंकि सरकारी पार्टी जिसके पुराने सदन में 310 आदमी थे, उसके केवल नौ रह गये। 310 से 9। यह याद रखना कि कब हुआ है। 1954 में। कहां? पूर्वी पाकिस्तान में।—तो डांडेकर साहब यहां कब हो रहा है?—खैर यह हुआ वहां कि 310 से 9 रह गये। जब यह हुआ तब तमाम चीजें बदल गई। एक तो यह कि पूरा पाकिस्तान का आधार टूटने लगा, हिन्दू मुसलमान के बीच में जो घृणा थी वह खत्म होने लग गई, और लोगों को डर लगने लग गया कि पूर्वी पाकिस्तान शायद पाश्चिमी पाकिस्तान से अलग हो जाये उसके बाद—मुझे कहते हुये बुरा लगता है—उपाध्यक्ष जो पूर्वी पाकिस्तान असेम्बली के थे उन को मार डाला। उस से मौका मिल गया अय्यूब खां साहब को, जो उस वक्त पलटन के अफसर थे और बाद में प्रजिडेंट अथवा राष्ट्रपति बने। उस में कहा गया है पेन्टागान को, यानी अमरीका के रक्षा विभाग को—मुझे लगता है कि शायद सी० आई० ए० वगैरहा की जो बात चलती है वह भी उसमें रही हो—उनकी बुद्धि बडी स्थूल है। यह लोग उस मां की तरह हैं, रूसी और अमरीकी दोनों,—मैं सिर्फ अमरीका के लिये नहीं कह रहा हूं—जो अपने घर का काम काज करती रहती है, लेकिन जिसके कान खड़े रहते हैं कि कब कहां कौन बच्चा किसी चीज को गिरा

कर तोड़ रहा है, और आवाज होते ही वह दौड़ पड़ता है। इसी तरह से रूसी और अमरीकी आम तौर से अमरीका का जो पेन्टागान है या जो सी० आइ० ए० है उसको, जहां कोई खटका होता है, वह दौड़ पड़ते हैं। जब पाकिस्तान में बढ़िया सी चीजें हो रहीं थीं, वहां जितनी घृणा हिन्दू से हो रही थी, उतनी ही मुसलमान से हो रही थी, बटवारे का पाप शायद खत्म होने वाला था, लेकिन वैसे मौके पर इन लोगों को खटका हो गया, उन अमरीकियों को जो कि विदेशी सहायता देते हैं और क्या सहायता देते हैं--शौकीनी की--क्यों कि अमरीका की सुरक्षा एक तरफ तो है उसके बम में और दूसरी तरफ है ऐसे लोगों में अफ्रीका और एशिया के जिनका महीने का खर्च एक हजार रुपये से ज्यादा है--और मैं यहां रूस के लिये भी कहना चाहता हूं, रूस और अमरीका दोनों--जिसमें हिन्दुस्तान की जनता गरीबी का दलदल बना रह जाये, 49 करोड़ आदमी गरीब बने रहें लेकिन 50 लाख या 1 करोड़ लोग, एक हजार रुपया महीना खर्च करने वाले, उनकी सुरक्षा के लिये यहां तैयार हो जायें। इस बारे में रूस और अमरीका में कोई मत भेद और कोई अन्तर नहीं है। अपनी सुरक्षा के लिये उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान में क्या काम कर दिखलाया?

अगर इस बजट में कोई दम है तो विदेशी सहायता को एक दम ठुकराया जाये। अब इस में कुछ नहीं रह गया है। उसने हमारे पूरे दिमाग को बिगाड़ दिया है। कितना दिमाग बिगाड़ा है इसका दिन रात परिचय मुझे यहां विरोधी पक्ष में मिलता रहता है। कोई फर्क नहीं बुनियादी बातों में। अभी कल की बात मैं कहूं। नीति बिल्कुल एक थी श्री अटल विहारी वाजपेयी की, श्री डांगे की और श्री राममूर्ति की। कोई नहीं कह रहा था कि सिपाही भेजो अरबिस्तान में जाकर लड़ाई लड़ने के लिये। लेकिन सांसें इतनी गरम हो रही थी। उसका कारण यह है कि हम लोग विदेशी सहायता पाते पाते अपने दिमागों को भी खराब कर बैठे हैं। अगर दिमाग ठीक तरह से सोचना शुरू करे तो मुमकिन है कि हम समझें कि भारत में आज जरूरत है उस श्रम की जिसकी चर्चा हनुमन्तैया साहब ने की। वह चले गये। वह कह रहे थे कि श्रम चाहिये हम को।

मैं कोई बढ़ा कर नहीं कह रहा हूं। अगर सरकार मेरे कहने पर चले तो जो आज 350 रु० प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष की आय है वह पांच वर्ष के अन्दर 1,000 रु० हो सकती है। बहुत से लोग सुनकर घबरा जायेंगे कि मैं क्या कह रहा हूं। सोचेंगे कि यह पागलपन की बात कह रहा है। बिल्कुल पागलपन की बात है क्योंकि वहां बैठकर गिरजा शंकर वाजपेयी की औलादों से मैं भी अपना बजट नहीं बनवाता। नौकरशाही के पंजे में हम आज इतने फंस गये हैं। नौकरशाही के भी दो अंग हैं। जो जवान नौकरशाह हैं, मैं उन से एक अपील करूंगा कि घबराओ मत। अपने कर्त्तव्य को करते रहो। कल वक्त आ रहा जब इन पुराने नौकरशाहों से इस देश को छुटकारा दिलाया जायेगा, जबकि पुरानी लकीरों से, जिस में लोग फंस चुके हैं, हट कर हम अपने देश का पुनर्निर्माण कर सकेंगे।

आज हमको ताना मारा जाता है कि तुम्हारी गैर-कांग्रेसी सरकारें क्या कर रही हैं? मुझ से ज्यादा गैर-कांग्रेसी सरकारों की टीका कौन करता है जब वह बुरे रास्ते पर जाती हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कोई कोई काम गैर-कांग्रेसी सरकारें ऐसे कर रहीं हैं जिनका यह कांग्रेसी सरकारें ख्वाब भी नहीं देख सकती थीं। उड़ीसा सरकार ने मालगुजारी खत्म कर दी है। बिहार सरकार ने न सिर्फ अंग्रेजी फेल विद्यार्थियों को पास कर दिया है बल्कि दफा 109 जिसमें कि हिन्दुस्तान के कैदियों में से

[डा० राम मनोहर लोहिया]

पांचवां हिस्सा जेलों में रखा जाता है और साहूकार लोगों को चोर बनाने का जो साधन है, उसको भी मुल्तवी रखा है। और भी छोटे छोट तफसील के काम प्रशासन के हुये हैं, जैसे ससराम में 17,000 रु० टैक्स पर जो बाजार नगरपालिका ने ठकेदार को दिया हुआ था उसको 1 लाख रु० में बदल दिया है। अगर एक ऐसा काम आप रोज करते रहें, जैसे कि ब्वाय स्काउट्स के लिये कहा गया है: **वन गुड टर्न ऐ डे** तो काफी काम हो सकता है। मैं इन गैर-कांग्रेसी मंत्रियों से कहूंगा कि एक अच्छा काम रोज करो। बड़ा काम न सही तो कम से कम प्रशासन की जो तफसीलें हैं, जिन में रुपया बरबाद होता है, या जिस में अन्याय होता है, उसको देखें। जैसे कि बिड़ला के मिर्जापुर के कारखाने में 70–80 आदमी बिल्कुल अन्यायपूर्ण ढंग से निकाले गये। उन में से 45 को वापस ले लिया है, लेकिन मैं इतने से ही खुश नहीं हूं। बाकी 25 को भी काम पर वापस जाना चाहिये। एक अच्छा काम रोज करो लेकिन फिर भी मैं खुश नहीं हूं, कोई खुश नहीं होगा। देश भी खुश नहीं हो सकता है। एक जो अंधेरा बीस बरस का रहा हो, आप क्या यह समझते हैं कि उजाला ऐसे ही आ जाएगा? उजाले में देर लगेगी। अंधेरे और उजाले में बड़ी देर तक अभी आंख मिचौनी चलेगी। मैंने चाहा था कि वह आंख मिचौनी जल्दी खत्म हो जाए लेकिन तकदीर ने साथ नहीं दिया। हो सकता है कि जल्दी कोई ऐसा वक्त आ जाए कि मेरे जैसे आदमी के भाषण का विपक्षी दलों पर कोई असर पड़े और यह एक गारंटी आप दें कि अगर उधर से तीस आदमी आ गए तो हम लोग मिल कर एक सरकार बनाने को तैयार हैं तो यह आंख मिचौनी जल्दी खत्म हो सकती है—(इंटरप्शंज) अभी तो वे आए नहीं हैं और आपने चिल्लाना शुरू कर दिया है और अगर आ जायेंगे तो फिर पता नहीं बेचारों को क्या हो जाएगा तीस की गारंटी मुझे मिल चुकी है। लेकिन आप लोग गारंटी नहीं दे रहे हैं

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member is supposed to address the Chair. This is not a public platform.

डा० राम मनोहर लोहिया: मैं तो उस तरफ देखता ही नहीं। मोरारजी भाई को नहीं देखता हूं तो इनको क्या देखूंगा। मैं तो सिर्फ आपको देख कर बोल रहा हूं। उधर हाथ चला जाता होगा तो बात अलग है।

मैं जरूर चाहता हूं कि एक कोई बड़ा काम गैर कांग्रेसी सरकार जरूर रोज करें। छोटे मोटे काम तो करती रहें लेकिन एक अच्छा काम रोज किया करें ताकि लोगों की भूख जो लोगों में बदलाव की भूख जगे। बीस बरस में लकीर के फकीर हम लोग बन गए है। एक गड्ढे में सड़ते चले जा रहे हैं। आप जानते ही हैं वह कहावत वाला कबीर दास का किस्सा। फंस गए हैं बिल्कुल लकीर में। उससे हट कर एक रास्ते से हट कर कोई एक बड़ा काम करें और बड़ा काम करने की भूख को इतना ज्यादा जगा दें ताकि देश में भारतीय जनता की भूख इतनी जबरदस्त हो जाए कि अगर मान लो यह सदन अपना कर्तव्य पूरा नहीं कर पाते तो जनता उस कर्तव्य को पूरा जल्दी से जल्दी कर दे। बस इसी कामना को ले कर मैं अपनी बात खतम करता हूं

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़): मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं कि बराबर आप मुझे बोलने का तब मौका देते हैं जब मेरे बुजुर्ग डा० लोहिया साहब बोल लेते हैं.

श्री राम सेवक यादव (बाराबंकी): यह आप अन्याय कर रही हैं।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा: मैं न्याय कर रही।

श्री राम सेवक यादव: बुजुर्ग कह कर।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा: वह बुजुर्ग इसका मैं उनको एहसास करा रही हूं।

वह कभी-कभी इस बात को भूल जाते हैं।

यों डा० सहाब के जीवन से हम परिचित हैं, अन्दर से भी और बाहर से भी। हम लोग बच्चे थे जब वह कांग्रेस में थे और एक बड़े नेता के रूप में हम लोगों ने बचपन से ही उनके बारे में एक धारणा बनाई थी। परिस्थितिवश वह हम से अलग हो गए। उसके बाद से हमने उनको दूर से ही देखा। दिल्ली में वह रहते हैं, लेकिन बहुत नजदीक से हम फिर भी उनको देख नहीं पाते हैं चूंकि अन्दर जाना जरा मुश्किल है। बाहर से ही देखते हैं। उनकी बात को हम अकसर सुनते हैं यहां भी और बाहर भी। उन में बड़े गुण हैं। अच्छे सिद्धान्तों को ले कर वह चले हैं और सिद्धान्तों को ले कर चलने के वह आदी रहे हैं। इस में कोई शक की बात नहीं और इस में कोई दो रायें नहीं हो सकतीं हैं। जब कभी कोई सैद्धान्तिक प्रश्न उत्पन्न होता है तो डाक्टर साहब की ही यह हिम्मत है कि अकेले भी रहें तो भी सिद्धान्तों को ही ले कर चलते हैं......... (इंटरप्शंज) डा० साहब का बजट बनाने का मुझे मौका मिले तो मैं तो बहुत अच्छा बना सकती हूं। मौका मिलना भी तो चाहिये। हम लोगों को जरा अपने नजदीक आने का मौका दें तो गलतफहमी भी कम हो सकती है।

जहां तक सिद्धान्तों का प्रश्न है, उसूलों का प्रश्न है, वह उन पर अडिग रहते हैं, इस में कोई सन्देह नहीं है। इस बारे में किसी को कोई शिकायत भी नहीं हो सकती है। आज इस भाषण में उन्होंने कुछ सिद्धान्तों की चर्चा की है। मैं नहीं समझती कि हाउस में कोई भी सदस्य उन सिद्धान्तों के प्रति कोई मतभेद रख सकता है। इसके लिए डा० साहब बधाई के पात्र हैं। वह एक सुधारक हैं लेकिन गांधी की तरह के सुधारक नहीं। गांधी जी अपने आसपास सब तरह के लोगों को रखा करते थे। अच्छे लोगों को भी और बुरे लोगों को भी रखा करते थे। उन्होंने बुरे लोगों को भी देखा और उनको अपनाया, उनमें कुछ अच्छाइयां भरने की कोशिश की। डा० साहब भी सुधारक हैं। पर अगर कहीं झाड़ू देने की जरूरत होती है, कूड़ा साफ करने की जरूरत होती है तो झाड़ू ले कर वह सारा कूड़ा अपने घर से निकाल कर पड़ोसी के घर में डाल देते हैं। मैं समझती हूं कि वह इस देश का बहुत बड़ा कल्याण कर सकते अगर अपने घर का कूड़ा और दूसरों के घर का कूड़ा उठा कर डस्टबिन में डाल दिया करें न कि दूसरों के घर के सामने . . . .

श्री अब्दुल ग़नी दार (गुड़गांव) : आप बेइंसाफी कर रही हैं उनके साथ....

(شری عبدل غنی ڈار- آپ بے انصافی کر رہی ہیں اِن کے ساتھ)

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : डा० साहब को मेरी बात पसन्द आ रही है आप क्यों ख्वामख्वाह कबाब में हड्डी बन जाते हैं ?

डा० साहब जब भाषण कर रहे थे तो मैं उनके भाषण को बहुत ध्यान से सुन रही थी। उनका भाषण आज बहुत ऊंचे स्तर का था। हम सब बड़े ध्यान से उनकी बात को सुनते हैं, सारा मुल्क उनकी बात को ध्यान से सुनता है। उनकी बहुत बड़ी देन है इस मुल्क के प्रति और हम सब उनके शुक्रगुजार हैं। उन्होंने अपना सब कुछ मुल्क को दिया है और आज भी दे रहे हैं। परन्तु डा० साहब को यह शोभा नहीं देता है कि व्यक्तिगत बातों की तरफ वह इतना ज्यादा इशारा करें। उनके महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के लिये यह शोभा की बात नहीं है, इसको ले कर उनके महत्वपूर्ण व्यक्तित्व की कुछ आलोचना होती है और यह मैं उनको एक साथी की हैसीयत से, एक बहन की हैसीयत से कह रही हूं। इससे हम को

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

भी तकलीफ होती है । वह शायद इस बात को नहीं जानते हैं कि मुंह पर तो शायद बहुत से लोग उनकी प्रशंसा करते होंगे लेकिन उनके अलावा और भी लोग हैं, हम जैसे भी लोग हैं जोकि उनके गुणों को एक तराजू पर तोलते हैं । इसलिए मैं उन से अपील करूंगी कि अगर ऐसी बातों की चर्चा वह कम किया करें और जिन सिद्धान्तों को ले कर, जिन उसूलों को ले कर, वह आगे बढ़ रहे हैं, उन्हीं की चर्चा ज्यादा किया करें, उन्हीं उसूलों को ले कर आगे बढ़ा करें तो हमारा और उनका, दोनों का कल्याण होगा । इससे देश का भी बहुत बड़ा कल्याण वह करेंगे ।

एक बात के ऊपर मैं उनके नेतृत्व को मानती हूं । हिन्दी के बारे में, प्रान्तीय भाषाओं के बारे में, रिजनल भाषाओं के बारे में, जो उसूल उन्होंने रखे हैं, रिजनल भाषाओं को आगे ला कर, अंग्रेजी को जो वह हटाना चाहते हैं, उसका हम दिल से समर्थन करते हैं । इसके लिये हम उनकी प्रशंसा करते हैं । यहां भी करते हैं और बाहर भी करते हैं । इसलिये मैं डा० साहब से अपील करना चाहती हूं कि उनके जैसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के मुंह से ऐसी बातें शोभा नहीं देती हैं । मैं एक शेर भी उनकी खिदमत में अर्ज करना चाहती हूं । प्रजातंत्र में हम लोग रह रहे हैं । राजनीति में हम लोग भी आए हैं और आप लोग भी आए हैं । किसी का कुछ किसी दूसरे से छिपा हुआ नहीं है । जो उधर होता है उसकी जानकारी हमें होती है और जो हमारी तरफ होता है उसकी जानकारी उनको होती है । अगर हम इस तरह से खुल कर इलजाम लगाना शुरू कर देंगे, छिछालेदर करना शुरू कर देंगे तो यह एक विराट रूप हो जायगा । इस वास्ते ऐसी बातों के बारे में जबान और आंख बन्द रखें तभी अच्छा होगा, अगर हम लोग एक दूसरे के बारे में कहना शुरू कर देंगे तो इसका कोई अन्त नहीं होगा । इसी बात को मैं एक शेर के रूप में डा० साहब की खिदमत में अर्ज करना चाहती हूं :

गो शेफ्ता की धूम थी जाहिद के जो हद की,
अब क्या कहूं कि वे मुझे किस के घर मिले ।

मेरा ऐसा खयाल है कि हम लोगों की बात का भी डा० साहब पर कभी-कभी असर होता है । अपने आज के भाषण में उन्होंने बड़ा सन्तुलन रखा है । लेकिन न जाने हीरे के नैकलेस, औरतों की गर्दन, औरतों की चाह और न चाह, ये बीच में कहां से ले आए अगर इनको वह न लाते तो आज वाकई उनका भाषण एक बड़े ऊंचे स्तर का होता । मैं उन से अपील करती हूं, प्रार्थना करती हूं, कि इन बातों की तरफ कम तवज्जह दें और जो बुनियादी चीजें हैं, जो इस वक्त इस मुल्क में हो रही हैं, उनकी तरफ ज्यादा तवज्जह दें तो अच्छा होगा । इन्हीं बातों पर ध्यान हमें इस बजट की बहस में भी देना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदय ने जो बजट पेश किया है, उसके बारे में जो कुछ लिखा या सुना गया है, उस में टैक्स की तरफ़ ही ज्यादा ध्यान दिया गया है, परन्तु जो बुनियाद है इस बजट की, जिस के कारण यह बजट इस रूप में आया है, उसकी तरफ़ लोगों की तवज्जह नहीं गई है । आज का बजट सिर्फ टैक्स लगाने का एक माध्यम नहीं है । आज बजट कुछ ऐतिहासिक तत्वों से प्रभावित होता है, कुछ वर्तमान से गठित होता है और कुछ भविष्य की तरफ़ निदेश करता है । जब सरकार और उस का शासन सिर्फ प्रशासन चलाने के लिये हुआ करता था, तब बजट एक प्रशासन के बजट के रूप में आया करता था । परन्तु अब कोई भी बजट देश को सम्पन्न बनाने में मदद करने वाला बजट होना चाहिये, देश की बुनियादी दिक्कतों को दूर करने वाला बजट होना चाहिये और इसलिये बजट का दायरा और बजट पेश करने का दायरा

भी बहुत बढ़ गया है । हमें देखना चाहिये कि वित्त मंत्री महोदय ने अपने बजट को इस आकार में रखा है या नहीं जिससे कि हमारी इन समस्याओं का समाधान मिलता हो ।

मैं पहले भूत की—भूत-प्रेत की नहीं—पिछले दिनों की—बात करना चाहती हूं । हमारे देश में दो साल सुखाड़ हुआ और डीवैल्यूएशन हुआ । विरोधी दल के सदस्यों को मालूम है कि हम लोगों ने भी डीवैल्यूएशन का विरोध किया । और अब वह बात साबित भी हो गई है । इस में कोई शक नहीं है कि उस से आर्थिक जगत में जो प्रवंचना, असंतोष और विघटन पैदा हुआ, वे सब आर्थिक विषमता को बढ़ाने का कारण रहा । परन्तु सुखाड़ किसी के हाथ की बात नहीं है । दो सालों में बहुत बड़े पैमाने पर सुखाड़ हुआ । यह भी नहीं चाहती हूं कि हम सारा दोष सुखाड़ या डीवैल्यूएशन पर मढ़ दें । मैं सिर्फ यही कहना चाहती हूं कि जो समस्या कुछ सुधरी हुई या कुछ हल्की जान पड़ती, वह सुखाड़ और डीवैल्यूएशन की वजह से बड़ी जटिल हो गई है ।

सच पूछिए तो डीवैल्यूएशन कोई कारण नहीं है, बल्कि एक अभिशाप है, नतीजा है चन्द आर्थिक कारणों का । क्या हुआ है हमारे इस देश में ? उपाध्यक्ष महोदय, आप तो आंकड़ों की बड़ी जानकारी रखते हैं । आप को याद होगा कि दूसरी पंच-वर्षीय योजना में औद्योगिक उत्पादन बहुत तेजी से बढ़ने लगा था और औद्योगिक विकास करीब करीब 161 प्रतिशत हो गया था । उस समय इसी पार्लियामेंट में इस की बड़ी सराहना की गई थी और बहुत कम ऐसे लोग थे, जो इस बात की तरफ ध्यान आकर्षित करते थे कि अगर औद्योगिक विकास को इसी प्रकार बढ़ने दिया गया और अगर उस के अनुपात से पावर, आवागमन के साधन, खेती की उपज और खेती के प्रसाधन नहीं बढ़ते हैं, तो जो योजना एक शृंखला के समान है, अगर उसकी एक भी कड़ी भंग हो जाती है, तो सारी शृंखला शिथिल और कमजोर हो जायेगी । इस में कोई शक नहीं है—मैं इस आलोचना को मानती हूं—कि दूसरी पंच-वर्षीय योजना में हमें इस बात को देखना चाहिये था कि हमारे आर्थिक विकास के क्षेत्र में जो एक तरह का इम्बैलेंस पैदा हो गया है, उस को हम कैसे दूर करें ।

परन्तु आज मसानी साहब के मुंह से यह बात शोभा नहीं देती है । जो उन के साथी हैं, जिन के बारे में वह यहां बातें रखते हैं, मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि क्या उस जमाने में उन्होंने उन लोगों का, उन उद्योग-पतियों और उत्पादनकर्ताओं का जिनके उद्योगों का वह हवाला देते हैं, ध्यान इस बात की तरफ दिलाया था कि यह जो विषमता पैदा हो रही है, जिस को इकनामिक इम्बैलन्स कहा जाता है, उस को कैसे दूर किया जाये या औद्योगिक विकास की रोक-थाम की जाये, जिस से वह विकास भी बाकी विकास के क्रम में चल सके ।

उपाध्यक्ष महोदय, आप आर्थिक विषयों के बड़े पंडित हैं, विशेषज्ञ हैं । आप जानते हैं कि हमारे देश में जो आर्थिक विषमता पैदा हुई है, उस का सब से बड़ा कारण यह है कि हमारे यहां कोई अनुशासित अर्थ-व्यवस्था नहीं है, हमारी अर्थ-व्यवस्था में अनुशासन, कानोमिक डिसिप्लन बहुत कम है और इकानोमिक सैक्टर्ज बहुत डिस-आर्गनाइज्ड हैं । हमारी आर्थिक स्थिति इतनी पिछड़ी हुई है कि यह स्थिति उत्पन्न होना अनिवार्य सा ही है ।

मैं आप को एक उदाहरण देना चाहती हूं । हम औद्योगिक विकास करना चाहते हैं, लेकिन इस के बावजूद हम किसी फ़ैक्टरी या इंडस्ट्री या उद्योग को एक खास जगह पर नहीं रख सकते, क्योंकि आर्थिक विकास के साथ साथ हमें इस देश के हर एक तबके के विकास का भी, जिसे रिजनल डैवेलपमेंट कहा जाता है, उसका भी ख़याल रखना है ।

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

मैं कहना चाहती हूं कि इस देश की व्यवस्था में शुरू से ही कुछ ऐसी बातें रही हैं कि जिन के कारण यहां की आर्थिक विषमतायें बढ़ती चली गई हैं। दुनियां की तरक्की जिस रफ़्तार से हो रही है, अगर हम उस रफ़्तार से अपने देश को मिलायें तो हम देखेंगे कि हमें अपने देश की समस्यायें अपने तराजू पर नहीं, बल्कि दुनियां के तराजू पर तोलनी हैं।

हमारा आयात और निर्यात का सामंजस्य करीब-करीब टूटने लगा है। पहली पंच-वर्षीय योजना में हमारे पास इतना बड़ा स्टर्लिंग बैलेंस था कि हम चाहे जो कुछ कर सकते थे और इसी लिए कोई आर्थिक विषमता पैदा नहीं हुई। परन्तु उस के बाद जैसे हमारा निर्यात एक ही स्तर पर रहा और आयात बढ़ता गया, तो ये विषमता बढ़ती गई। हम यह जानने की कोशिश करें कि आखिर हमारा निर्यात वहीं पर क्यों रह गया या क्यों घटा। डीवैल्यूएशन के बाद 130 मिलियन टन निर्यात घटा है। हम यह मानने से भी इन्कार नहीं कर सकते कि जिस पैमाने पर और देशों का निर्यात बढ़ा है, हमारा निर्यात उस पैमाने पर कभी नहीं बढ़ा। इस का कारण क्या है? माननीय सदस्य दुनियां के हर कोने में गए होंगे। हम देखते हैं कि दुनियां के और देशों में जो चीजें बनती हैं, उन के दामों से हमारी चीजों के दाम बहुत अधिक हैं, क्योंकि या तो उनके खर्च से हमारा खर्च बहुत अधिक है, या हमारा पर कैपिटा प्राडक्शन कम है, या हमारे पास पर्याप्त टैक्निकल नो-हाऊ नहीं है, या हमारे पास वे चीजें नहीं हैं, जिन की हमें जरूरत है। दुनियां की चीजों के मुकाबले में हमारी चीजें हल्की-फुल्की मालूम होती हैं। कारण जो भी हो, तथ्य यह है कि हम अपने निर्यात को एक सामंजस्यपूर्ण तरीके से बढ़ाने में सफल नहीं हो पाए हैं।

पहले हमारा मुल्क जूते, कपड़ा, चाय, काफ़ी आदि सब चीजें बेचता था और दुनियां में हमारा कोई काम्पीटीटर नहीं था। हम वायर्ज मार्केट में काम करते थे, लेकिन विरासत में हमें इन्टरनेशनल सेलर्स मार्केट मिली, ऐसी मार्केट मिली, जहां बिक्री करने वालों की तादाद ज्यादा है और ख़रीदने वालों की तादाद कम है। इस लिए ख़रीदने वाले लोगों का नख़रा ज्यादा है और उस नख़रे और नाज़ो-अंदाज़ को हमें बर्दाश्त करना पड़ेगा। परन्तु उस तरफ़ हमारी तवज्जह नहीं है।

हम राजनीतिक भाषण दिया करते हैं, लेकिन हम यह नहीं समझते कि जो बजट हमारे सामने रखा गया है, वह इस तरह से क्यों लाया गया है। इस की वजह यह है कि हमारी आर्थिक व्यवस्था इन सभी विषमताओं और समस्याओं का शिकार हो गये है। अगर माननीय सदस्य इस के लिए किसी पार्टी को ख्वाह-म-ख्वाह दोष देने लगें, तो उस से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। आखिर इस पार्टी को, कांग्रेस को, विरासत में क्या मिला?

कोई जर्मनी तो हम नहीं थे, जो हिटलर द्वारा छेड़ी गई लड़ाई में तबाह तो हो गया, लेकिन अपनी बुनियादी ताकत के कारण एक बार फिर नया देश बन गया और जो आज दुनिया का सबसे धनी देश है। हम जापान भी नहीं थे। हमारी आर्थिक व्यवस्था उतनी संगठित नहीं थी कि हम उस तरह से उन्नति कर सकते। हम को विरासत में मिली एक्सपोर्ट मार्केट दिन-प्रति-दिन कठिन होती गई और हमारी चीजों की बिक्री बहुत मुश्किल से होने लगी। इस लिए हमारी आर्थिक विषमता का एक मुख्य कारण यह है कि हमारा निर्यात या तो वहीं का वहीं रह गया है या गिरने लगा है।

इस बजट में एक और समस्या की तरफ भी ध्यान दिलाया गया है। हम इस बात

को कैसे भूल जायें कि हमारे देश की जमीन का रकबा दुनियां की जमीन के रकबे का 2.6 प्रतिशत है, जब कि हम को दुनिया की आबादी का 14.8 प्रतिशत हिस्सा मिल गया है ? चीन को छोड़ कर दुनिया में कोई ऐसा बदकिस्मत देश नहीं है और चीन से हमारा मुकाबला नहीं हो सकता है, क्योंकि वहां पर अगर लाखों आदमी भी मर जायें, तो किसी को कोई परवाह नहीं है, जब कि हमारे यहां एक जान की भी बड़ी कीमत होती है ।

श्री राम सेवक यादव : अगर होती, तो अच्छा होता ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : फर्क इतना ही है कि माननीय सदस्य के कहने के लिए होती है और हमारे करने में होती है, लेकिन होती है । मुझे माननीय सदस्य को इस बात का अहसास कराने की जरूरत नहीं है कि जब हम यहां प्रजातंत्र में रहते हैं, तो हम सभी जान की कीमत समझते हैं । जब दुनिया की केवल दो या ढाई प्रतिशत जमीन हमारे पास है और दुनिया की करीब बत्तीस प्रतिशत आबादी यहां रहती है, तो आबादी और जो कुछ पूंजी हमारे पास है, उस में हमेशा कशमकश होती रहेगी । या तो हम आबादी को कम कर के अपने देश में इस विषमता में एक सामंजस्य पैदा करें । वर्ना इन विषमताओं का कोई अन्त नहीं होगा । इसलिए जरूरत तो इस बात की थी कि हमारे पास जो भी रीसोर्सिज हैं, जो भी हमारे पास पूंजी है, हम उस का आठ या दस गुना ज्यादा महत्वपूर्ण उपयोग करें । लेकिन हमारी बदकिस्मती यह है कि ऐसा नहीं किया गया है ।

इंडियन कौंसिल आफ अप्लाइड एकोनामिक रिसर्च के कुछ आंकड़े मैंने पढ़े हैं । उसमें मुझे मालूम हुआ कि यहां पर इतना ज्यादा अंडर यूटिलाइजेशन आफ रिसोर्सेज होता है जिस का कोई हद हिसाब नहीं । इस देश में एक बड़ी विडम्बना है । एक तरफ हम गरीब हैं, दूसरी तरफ जो हमारे यहां पूंजी तैयार हो रही है, धरोहर तैयार हो रही है उस का या तो पूरा इस्तेमाल नहीं करते या जो इस्तेमाल करते हैं उस इस्तेमाल करने में जरूरत से ज्यादा पूंजी लगाते हैं। इस प्रकार जो आर्थिक विषमता जो आज है उस के लिए मैं इतना जरूर कहूंगी कि वित्त मंत्री महोदय इस तरफ ध्यान दें । मुझे बजट में इस बात का संकेत मिला है कि उन्होंने इस की तरफ इशारा किया है । मैंने इसीलिए एक वाक्य बजट के बारे में कहा था कि यह बजट सिर्फ कोरामिन की खुराक है । कोरामिन उस समय दी जाती है कि जब रोगी की घिग्घी बंध जाती है, या वह मरने को हो जाता है तो कोरामिन की खुराक देकर कुछ दिनों के लिए रोकथाम कर जिन्दा रखा जाता है उस का इलाज करने के लिए । इस बजट से लोग अगर यह समझते हैं कि इससे सभी इलाज हो सकता था तो मैं नहीं समझती कि वह सही तरीके से सोचते हैं । इलाज कैसे होगा ? जिस वित्त मंत्री को इतनी सारी समस्याओं का समाधान करना हो, उस के प्रति गुस्सा नहीं तरस आना चाहिए । यों तो श्री मोरारजी देसाई तरस के बहुत हकदार नहीं हैं और शायद उन को पसन्द भी नहीं आयेगा कि कोई उन पर तरस खाये लेकिन मैं मोरारजी देसाई के प्रति व्यक्तिगत तरीके से नहीं, उनके व्यक्तित्व पर तरस नहीं खा रही हूं, वित्त मंत्री महोदय के लिए कहती हूं कि वाकई गुस्सा आने के बजाये हमें उन पर तरस खाना चाहिए क्योंकि इतनी समस्याओं का समाधान करनेका काम आज उन के ऊपर आ पड़ा है. . .

श्री मधु लिमये : बड़ा बोझ ले लिया है ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : हां, सचमुच बड़ा बोझ ले लिया है, इस में कोई भी शक नहीं परन्तु अफसोस तो यही होता है कि बोझ का एहसास करने वाले लोग भी और ऊपर से

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

उस बोझ को बढ़ाने के लिए रुई के बारे मे पानी डाल दिया करते हैं . . . (व्यवधान) असल में एक का बोझ रहे तो लिया भी जा सकता है, कई लोगों का बोझ हो जाता है तो नहीं लिया जा सकता है । अकबर बीरबल की कहानी है, इसके बारें में मैं उस की चर्चा नहीं कर सकती अभी आप के सामने ।

तो अध्यक्ष महोदय, मैं नान-यूटिलाइजेशन आफ रिसोर्सिज की बात कर रही हूं । अभी भी 60–62 प्रतिशत से ज्यादा रिसोर्सेज का यूटिलाइजेशन नहीं होता । समाजवाद मे विश्वास करने वाली पार्टी के लिए यह कटाक्ष जब सुनना पड़ता है कि पब्लिक सेक्टर में कुछ नहीं किया है, तो हमें आखें नीची कर लेनी पड़ती हैं । क्यों ? क्योंकि इसमें कोई शक नहीं कि आपके आंकड़ों के अनुसार पब्लिक सेक्टर का जो टोटल रिटर्न है वह 5 परसेंट है । यह ठीक है कि आप के कई पब्लिक सेक्टर के प्रोजेक्ट्स मुनाफा कर रहे हैं और अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन सबको लें क्योंकि आखिर घर और बजट एक से तो नहीं चलता है, सब को लेकर देखना पड़ता है तो टोटल रिटर्न जब पब्लिक सेक्टर का देखते हैं तो उसमें .5 परसेंट आता है । इस में कोई शक नहीं कि समाजवाद के ऊपर जब यह आघात होता है तो हम उस बहादुरी से इस आघात का मुकाबिला नहीं कर सकते जिस बहादुरी से उस का मुकाबिला करना चाहिए । वित्त मंत्री महोदय से मेरा यह कहना है कि आप इस की तरफ पूरी तवज्जह दें । अध्यक्ष महोदय, आप भी पार्लियामेंट मे इतने दिनों से हैं, आप को तजुर्बा शासन का भी है . . . (व्यवधान) . . इतना ज्यादा व्यय होता है, इतनी बरबादी होती है आप आदमियों को कम नहीं कर सकते क्योंकि यहां पर आदमियों को . . . . (व्यवधान) . . . . दादा आप तो बहुत बुजुर्ग हैं, जरा मुझे बोलने दें, मैं क्षमा चाहती हूं ।

आचार्य जे० भा० कृपालानी (गुना) : मैंने यह कहा कि यह मिनिस्टर तो रहे नहीं, शासन का तजुर्बा इन को कहां से हो गया?

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा: यह मैं मानती हूं ।

तो अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहती थी कि यहां पर हर स्कीम लेबर इन्सेन्टिव स्कीम रहेगी । इस से हम इन्कार नहीं कर सकते । हमारे इस देश में आबादी की समस्या है । पन्द्रह परसेंट दुनिया की आबादी यहां इस देश में है । तो हम उस को अपने से हटाकार काम नहीं कर सकते । इसलिए हमेशा यह जो बात होती है कि आफिसर को या कर्मचारियों को हटाया जाय, इस से इस का निपटान हो जायगा, मैं समझती हूं इस से निपटान होने वाला नहीं है ।

इसलिए जहां हमें अपनी उंगली डालनी चाहिए, वह है हमारा इतना बड़ा परचेज सेक्शन है । मैं नहीं जानती अध्यक्ष महोदय, वित्त महोदय से मैं अपील करूंगी कि सरकारी खर्चा सिर्फ सिविल ऐडमिनिस्ट्रेशन की बात मैं नहीं करती, पब्लिक सेक्टर, सिविल एक्सपेंडीचर, डिफेंस एक्सपेंडीचर इन सब के जरा आंकड़े बतायें कि कितना सरकार खरीद फरोख्त करती है । किसी ने कहा कि 40–45 प्रतिशत तक सरकार खरीद करती है । अगर 45 प्रतिशत या 50 प्रतिशत सामान की खरीद आप करते हैं तो मैं समझती हूं कि उस में एक सौ, डेढ़ सौ या दो सौ करोड़ रुपये की बचत करना आप के लिए जरा भी मुश्किल नहीं है, अगर आप तवज्जह दें उन चीजों की तरफ जहां कि खर्चे में बचत होनी चाहिए । मैं उदाहरण देती हूं । आप का इन्फार्मेशन डिपार्टमेंट है । सारे अखबार वहां जाते हैं । परन्तु एक उदाहरण मैं देना चाहती हूं । अगर किसी मंत्री के यहां जा कर देखिए, मैं भी मंत्री थी, मेरे यहां भी आते थे, जितने दुनिया के अखबार हैं

सब वहां आते हैं। इतने पर भी इन्फार्मेशन डिपार्टमेंट की कटिंग उनके यहां आती है। न जाने कितनी फुर्सत उन को रहती है अखबार पढ़ने की। अगर पढ़ना है तो बेशक मंगायें लेकिन इन्फार्मेशन डिपार्टमेंट की कटिंग उनके पास भेजने की फिर क्या जरूरत है? यह मैं ने एक उदाहरण दिया। अगर इस तरह के हजारों उदाहरण देख एक एक विभाग के तह में जाने पर मिलेंगे। इसलिये आज जरूरत इस बात की है कि तह में जाकर देखने की कोशिश करें कि कहां खर्चे में कटौती कर सकते हैं।

अब मैं पांडे रिपोर्ट की तरफ आप का ध्यान दिलाना चाहती हूं। अभी हाल ही में वह रिपोर्ट निकली है दुर्गापुर के बारे में। दुर्गापुर का जो हवाला पांडे रिपोर्ट में मिलता है जो कि हमारे सामने आया है, इस तरह हम पब्लिक सेक्टर को हमेशा ही से प्राणदान नहीं दे सकते। पब्लिक सेक्टर को बढ़ाना है तो हमें ऐसी चीजों को नहीं होने देना पड़ेगा। 50 करोड़ जनता को इस बात का विश्वास दिलाना होगा कि पब्लिक सेक्टर में न सिर्फ समाजवाद की पुष्टि होगी पर चूंकि यहां पर अधिकांश चीजें पब्लिक सेक्टर में ही महत्वपूर्ण ढंग से पैदा की जायेंगी, पब्लिक सेक्टर को हमें इस लायक बनाना होगा जिससे कि हम जो उस से उत्पादन करना चाहते हैं उस को हम अच्छी तरह से और सुघड़ तरीके से कर सकें।

इस के अलावा मैं यह कहना चाहती हूं कि यह एक मजाक कहने के लिये हो गया है कि मिनिस्टर साहब तो बाहर बोलते हैं अन्दर बोलते हैं, पालियामेंट के सदस्य अन्दर बोलते हैं, बाहर बोलते हैं। लेकिन अफसर भी बोलते हैं और वह सब से ज्यादा बोलते हैं, परन्तु वह फाइलों में बोलते हैं। अगर फाइल में वह बोलना कम कर दें तो बहुत कुछ समस्याओं का समाधान हो जाय। यह लालफीताशाही जो बढ़ गई है उस की वजह से हर बात में इतनी देर हो जाती है कि कुछ कहा नहीं जा सकता यह एक परम्परा सी हो गई है, इसमें मैं किसी खास व्यक्ति को दोष नहीं दे सकती। हर बात में आज इतनी देर होती है, खुदा न ख्वास्ता, मुझे तो कोई बिजनेस करना ही नहीं पड़ा परन्तु आप की सारी मुसीबतों की जड़ जो है पैदा हो गई है वह इसीलिए पैदा हो गई कि हर काम में देर होती है, हर काम में पैरवी कोशिश की जरूरत पड़ती है बिना पैरवी के कोई काम होता ही नहीं। आम जिन्दगी का अन्जाम, जिन्दगी अहसास ही पैरवी हो गया है। पैदा होने के साथ ही पैरवी शुरू हो जाती है और सारी जिन्दगी ही पैरवी के ताने बाने में बुनकर ऐसी गड़ जाती है कि हम सांस नहीं ले सकते। देश की गाड़ी आगे तभी चल सकती है जबकि यह पैरवियां कम होंगी, देरी कम होगी।

अब मैं एक बात और कहना चाहती हूं। वह है ब्लैक मनी। उसके बारे में बहुत कुछ कहा गया है। हम जानते हैं कि काला रुपया पैरेलल करंसी हो गया है। एक रिजर्व बैंक ऊपर से है एक अन्दर से न जाने कितना इस प्रकार का रुपया है? कोई कहता है चार हजार करोड़ है, कोई कहता है पांच हजार करोड़ है, कोई दो जहजार करोड़, कोई तीन हजार करोड़ इस तरह करोड़ों का भाव चुटकियों में होता है। अध्यक्ष महोदय, किसी मुल्क में तीन हजार फी करोड़ पैरलल करंसी चलती हैं वहां क्या कभी आर्थिक विषमता दूर हो सकती है? कभी नहीं दूर हो सकती है? वित्त मंत्री महोदय ख्वाब देखेंगे अगर वह यह सोचेंगे कि तीन चार हजार करोड़ काला रुपया पैरलल करंसी के रूप में चलता रहेगा और चीजों की कीमतें कम हो जायेंगी। अध्यक्ष महोदय, मुझ दो तीन मिनट और दे दें। तो पैरेलल करेंसी के बारे में मैं चाहती हूं कि प[illegible]मेंट में इतने लोग बैठे हैं। चाहे विर[illegible] के लोग हों चा इस तरफ के हों, मैं वित्त मंत्री महोदय से अपील करूंगी कि वह सबको बुलायें, विरोधी

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

दल के लोगों को बुलायें, सभी से बात करें कि क्या साल्यूशन है इसका, इसके लिये वह क्या करना चाहते हैं, सब लोगों की राय लेकर ब्लैक करेंसी के बारे में कार्यवाही करें। बेल्जियम ने अध्यक्ष महोदय, एक तरीका निकाला। मैं नहीं कह सकती कि हम उसको कर सकते हैं या नहीं। परन्तु बेल्जियम वालों ने एक नुस्खा निकाला। वह नुस्खा यह है कि फैक्ट्री और मकान जो इम्मोबाइल आबजक्टस हैं किसी कट्टी में, उन लोगों ने यह किया कि उन के इनकम टैक्स का रिटर्न उस तरह से नहीं लेंग जिस तरह से कि किसी और बारे में देखभाल या जांच पड़ताल के बुनियादी तरीके से करते हैं। जो इस तरह के इम्मोबाइल आबजेक्ट्स के माकि हैं, जैसे मकानात या और ऐसी चीजें हैं वह जो रिटर्न देंगे तो उसकी मान्यता को मानकर वित्त विभाग चलेगा। पता नहीं इस चीज को वह करेंगे, या नहीं पर मैं एक सुझाव रखना चाहती हूं, मैं नहीं जानती कि कहां तक यह हो सकता है पर मुझे यह तरीका देखने में काफी इन्टरेस्टिंग लगा कि उन्होंने यह किया कि इम्मोबाइल आबजेक्ट्स में ब्लैक मनी लग जाती है तो फिर सर्कुलेशन में वह रुपया नहीं आता है। इसलिये उस अनुपात में या उस परसेंटज में वह ब्लैक मनी कम हो जाती है और वह फिर बाजार में घूमती नहीं जो कि आज सारी मुसीबतों की जड़ है।

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपालगंज) : वह तो रेकरिंग हो जाता है।

एक अपील मैं अपोजीशन के लीडर साहिबान से करना चाहता हूं । अगर हम इस बात के अन्दर सब मुत्तफिक हैं कि देश में आउटपुट होना चाहिये, खूराक का प्राबलैम साल्व होना चाहिये, देश की इकोनोमी मजबूत होनी चाहिये, इंटरनली और एक्सटर्नली देश मैफूज होना चाहिये तो हमारे और आपके सामने एक परीक्षा की घड़ी आ खड़ी हुई है । क्या इस नैशनल एमरजेंसी के अन्दर हम सबके लिए इसके बारे में सोचने का वक्त नहीं आ गया है ? जो घेराव हैं वे हिन्दुस्तान को तबाह और बरबाद कर रहे हैं, जो स्ट्राइक्स हैं व हिन्दुस्तान की इकोनोमी को नुकसान कर रही हैं । आउटपुट बढ़ाने के रास्ते में ये बाधक सिद्ध हो रही हैं। क्या हमारा सब का फर्ज नहीं है कि नेशनल प्वाइंट आफ व्यू से हम सारी चीज को देखें । 1942 के अन्दर जब देश अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता प्राप्त करने की आखिरी लड़ाई लड़ रहा था तब तो हमारे ये अपोजीशन के दोस्त कम्यूनिस्ट और दूसरे कहा करते थे कि हर कारखाने के अन्दर पैदावार ज्यादा होनी चाहिये, किसानों से कहते थे कि हल ज्यादा वे चलायें, मजदूरों को कहते थे कि वे ज्यादा पैदावार करें लेकिन आज जब कि हिन्दुस्तान के अन्दर अपना राज्य है, एक नेशनल एमरजेंसी हमारे सामने है, देश के सामने है, बिहार और उत्तर प्रदेश आदि में सूखा पड़ा हुआ है तो क्या आज वक्त नहीं है कि कम से कम हम सब दो तीन साल के लिये इन घेराओं और इन स्ट्राइक्स को स्थगित रखें और इस बीच में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करने पर ध्यान दें । अभी पीछे नम्बूदरीपाद साहब ने बिड़ला साहब को जो कंसेशन दिये थे उसमें उन्होंने कहा था पांच साल तक मजदूरों से आपका किसी तरह का कोई झ गड़ा नहीं होगा, कोई स्ट्राइक नहीं होगी और हर एक चीज की आपको पूरी तरह से इजाजत होगी । देश के एक छोटे से इलाके के लिए आप ऐसा कर सकते हैं तो आज जब कि हिन्दुस्तान की एग्जिस्टेंस का सवाल हमारे सामने है, उसकी सरवाइवल का सवाल हमारे सामने है तो क्या उचित नहीं कि आज हम ऐसा एटमासफीयर पैदा करें, ऐसी क्लाइमेट तैयार करें कि जिसमें इनवैस्टमेंट हो सके, प्रोडक्टिविटी बढ़ सके ताकि देश को हम आगे ले जा सकें । मैं आशा करता हूं कि मेरी इस बात की तरफ तवज्जह दी जाएगी ताकि जिस चीज के ऊपर हमारे देश की इकानोमी ने बेस करना है, जिस चीज के ऊपर हमारा भविष्य निर्भर करता है, उन चीजों की तरफ हम पूरा ध्यान दे सकें । अगर ऐसा होगा तो

[श्री राम किशन]

तो देश नेशनल तौरपर मजबूत होगा। तब हम देश का भविष्य बना सकेंगे और तभी देश फख्र से, मान से खड़ा हो सकेगा और दुनिया का मुकाबला कर सकेगा।

Mr. Chairman: Now, before I call on the next hon. Member to speak, I would like to make one observation. I have noticed one hon. Member reading a newspaper in the House. I think it is not in the best healthy traditions of parliamentary system to read a newspaper openly in the House. I would request him not to do it. It is not in keeping with the decorum of the House.

श्री कंवर लाल गुप्त : मैं यह भी जानना चाहूंगा कि क्या हाउस में सोने की इजाजत है ? एक माननीय सदस्य सो रहे हैं। श्री शिव नारायण जो कि एक लीडर हैं ....

श्री शिव नारायण (बस्ती) : इनको दिखाई नहीं देता है।

श्री कंवर लाल गुप्त : बहुत से काम होते हैं लेकिन सोने का काम आज ही हुआ है।

Shri Amiyanath Bose (Arambagh): Mr. Chairman, Sir, in an hour of great danger for England, in the year 1939, I heard Mr. Winston Churchil speaking in British Parliament, telling the British Prime Minister "f you want to look forward you must first look at the past and learn from history." I regret that our Deputy Prime Minister has not learnt the lessons of history, lessons of recent history, history of Chinese aggression on India, history of Indo-Pakistan conflict and history of the effects of devaluation on our economy in preparing this budget. I remember, and remember rather well, the interview Shri Morarji Desai gave to the press on the eve of the last general election on devaluation. I remember it because I used it with some effect in the election I was contesting with the then Finance Minister. Then he said that devaluation had raised the price level of our country. He said further that it had not in any way increased the exports, so far as our exportable goods were concerned. Now he should have been told by his Ministry why the exports did not improve as a result of devaluation.

It is a very common economic principle, a very simple economic principle that when devaluation takes place the general export position of any country improves, by and large. The main reason, the fundamental reason why the exports from our country did not improve, is that demand for our goods, to use an economic expression is inelastic. Therefore, even devaluation of the rupee and diminution of prices did not appreciably affect our export trade.

One of the essential features of the budget that the hon. Deputy Prime Minister has placed before the House is the imposition of excise duties. To quote just one sentence of his own:

> "My main justification for the selective but sizable increase in excise duties is that these are necessary in the interest of exports."

The hon. the Finance Minister ought to have known better, he ought to

have known that the effect of imposition of excise duties on articles of common use would be to raise the price level and that it will not in any way assist our export trade. In taxation there is an English liberal saying, not a socialist jargon, 'soak the rich and feed the poor.' The hon. the Finance Minister has reversed that proposition for India. By imposing excise duties on articles of common use, he will be inflating the price level of these things and will thus be putting unbearable burden on the common people.

It is known that when the price level rises, wages never rise in proportion. Therefore, the only economic effect of this imposition of excise duties will be to increase the profit margin that will be given to the capitalist classes of India.

The Finance Minister has referred the English saying and he wants to says, "Soak the poor and feed the rich."

17 hrs.

The next point that I want to take up is this. There are two main problems with which we are faced today, that is, the problem of food and the problem of India's security. Before I deal with this problem, one thing must be made clear in the House that we must never forget that China today has the third largest air-force in the world; China possesses nuclear weapons and China has almost completed the development of the delivery system. If you look at the map, there are airstrips all along our northern border and there are road communications which connect those airstrips to bases inside China and Tibet. This is the position. I know our country suffered reverses in NEFA—it is not because of those reverses that we lost the battle—but the day China exploded a nuclear bomb and we, in our country, declared that we shall not manufacture nuclear weapons, we lost the battle. We must proceed on the assumption that today China's hostility to India is a settled fact. Another danger with which we are faced today is the continued hostility on the part of Pakistan towards India. This is the problem of defence which the Budget must provide.

There is, of course, the problem of food. I have made some calculations. If we follow four principles which are applicable to a war economy—there is no difference in principles between a scarcity economy with which we are faced today and a war economy—we can effect considerable saving. Firstly, we should follow the principle of postponing, for the time being, all construction works in respect of all the Ministries. It was done in England on the eve of the last World War. All construction work in respect of all the Ministries should be postponed and stopped for a fixed period of time unless that construction is necessary in the interest of national security. Considerable amount of saving can be effected if that is done. Secondly, there is a considerable scope of economy in respect of all the estimates and if 10 per cent cut is made under all heads, there will be considerable saving. Then, I should like the hon. Finance Minister to increase direct taxation. I shall not give an Utopian idea, as given by my esteemed friend, Dr. Lohia, to reduce the income to Rs. 1500 or Rs. 1000 per month. We do not have that socialistic society. We have a Government, though it no doubt gives lip service to socialism, which is really a capitalist Government. Accepting that it is a capitalist Government, accepting the position that the Congress Party does not, in fact, believe in socialist society, I would say that there should be additional direct taxation to reduce at least 10 per cent. the income of all persons apart from the direct taxation which has already been imposed. There should be a 10 per cent. voluntary cut—I use the expression 'voluntary cut'—in the salaries of all government servants earning above a certain

[Shri Amiyanath Bose]

level. One has to exclude from these four principles the effects of direct taxation in assessing the expenditure. If these three principles are adopted in the Defence budget itself, there can be a saving of at least Rs. 70 crores. If that is applied to the rest of the Budget, there should be a saving of Rs. 150 crores. I say—even if I am the only person standing in this House and saying this—that out of these Rs. 150 crores, the Government of India, in the interest of national security, should immediately spend Rs. 100 crores for the manufacture of nuclear weapons. If you look at the Defence estimates, you will find that we are spending 75 per cent on Army, 20 per cent. on Air Force and only 5 per cent. on Navy. With a large coast line, with the growing Chinese submarine force, I think, this is a preposterous budget. The entire Defence economy of our country needs a through reorganisation. I understand that a British scientist, as early as 1949, made some suggestions. I believe that the scientific talent, the technological talent, and the military talent that are available in our country have not been properly utilised. There is so much of discrepancy between what we spend on Navy, Army and Air Force. I believe, there is no other modern country in the world today which spends only 20 per cent of its Defence estimates on Air Force excepting India. There is no other modern country in the world which does this.

17.05 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

It is important to develop nuclear weapons because the only argument that the world of today understands is the argument of force. It is easy to make speeches on peace, but the only argument that the world of today understands is the argument of force. It is necessary that our country, our Armed Forces, must be equipped with the most modern arms; it is necessary to give them the most modern weapons. No army can fight if they feel that against them is an army with nuclear weapons and they have none. I know that we have made many declarations. I know that our Foreign Minister has told us that they do not intend signing the non-proliferation treaty in its present form. I congratulate him on his stand, but I should ask the Government to go a step further; I shall ask the Government to stand firm and tell the people of India that it is in the interest of our country that nuclear weapons should be developed. I am sure that, even within the four corners of the present budget, it is possible to develop nuclear weapons.

I have examined with some care the estimates of our External Affairs Ministry. We contribute a large sum of money to international agencies which bring us no benefits, nor does it help us to promote peace. On this question, I say that a considerable amount of money should be set apart, so that we are able to assist a cause to which we are committed as a nation.

May I with your leave read before this august assembly a letter that I have just received from Khan Abdul Ghaffar Khan? He writes from Jalalabad on the 21st May, 1967 as follows:

> "Our Pakhtoonistan is very easy. We want an autonomous State. If India helps us in the right sense, I think that we will achieve our goal very quickly. I think that if they only influence Russia and America, even then, this matter can be solved. But I do not know..."

I would beseech you to mark these words, words of a very great man, words of one of the greatest fighters for India's freedom, words of, I believe, one of the greatest believers in non-violance—

> "But I do not know..."

There is some pain in his words when he writes this. He writes:

> "But I do not know why India is not taking much interest in this, although we the Pathans have given many sacrifices for the freedom of India."

And now comes something very important.

> "In our freedom we will gain a lot, but India will gain much more.".

Here is a man of peace giving us a lesson on strategy. He says:

> "I have started a Khudai Khidmatgar movement in the tribal areas and it has had a very good effect on the people. I have also published an appeal to the people of Afghanistan and asked them to help us in the Pakhtoonistan issue and the response was very good. Nowadays I am very busy and whenever I finish this work I shall come to India.
>
> I am a man of non-violance and will try to solve the matter in this way. If I do not succeed, then, as Gandhiji said, 'The Government of India will solve it."

I call upon the Government of India to honour the pledge that Gandhiji gave to the Pathans. It is a debt, we owe and it is a pledge that we all owe to the people of Pakhtoonistan. Gandhiji spoke for India, and it is for this Parliament to honour the pledge that Gandhiji gave to the people of Pakhtoonistan.

I hope to have another opportunity to speak on other aspects of the budget, to show that this budget is in essence an anti-socialist budget; it is in essence a budget which buttresses capitalism in India; it is a budget which is contrary to the declared policies of the Indian National Congress; it is a budget which is contrary to the declarations of Pandit Jawaharlal Nehru and it is a budget which is contrary to the teachings that I personally had from the Planning Minister. The Planning Minister has planned for capitalism; as the Planning Minister, he has buried socialism; as the Planning Minister, he has not created any enthusiasm among the common people of India. As for the Finance Minister, if I may put it in just a few words, the budget does not and cannot inspire the common people of India for greater effort, nor can it create enthusiasm among the Armed Forces of our country for national defence.

श्री रणधीर सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं बजट की पुरजोर हिमायत करने के लिये खड़ा हुआ हूं । यह बजट एक मुसल्लिमा काबलियत के कांग्रेस पार्टी के लीडर का नहीं बल्कि देश के एक माने हुए बुलन्द शख्सियत के दिमाग की पैदावार है । मैं समझता हूं कि जिन हालात से देश गुजर रहा है इन हालात में जितने बड़े आदमी के हाथ में देश की इक्सादियात है और जिस ढंग से बजट पेश किया गया है किसी दूसरे शख्सियत या लीडर द्वारा इस काबिल तरीके से बजट पेश नहीं किया जा सकता था । मेरे दोस्त बातें बहुत करते हैं । बातें की भी जा सकती हैं । लेकिन अकेले बात करने से बात नहीं होती । ढोल बजाया जा सकता है पर पता तब लगेगा जब सिर पर कभी हुकूमत का बोझ पड़ेगा । अभी थोड़ा सा सीखो । सीखने के बाद पता लगेगा ।

मैं तारीफ करता हूं नायब प्रधान मंत्री की कि उन्होंने इस बजट में 590 करोड़ रुपया यानी छः अरब रुपये के करीब पहली बार किसानों के लिये रखा जो कि हिन्दुस्तान के 5 लाख गांवों में रहने वाला यहां का 80 प्रतिशत तबका है । उसके लिए पहली बार 6 अरब रुपया मखसूस किया है । मैं धन्यवाद करता हूं और उनसे उम्मीद करता हूं कि यह रुपया दुगुना और तिगुना होता जायगा ।

[श्री रणधीर सिंह]

अगले साल जो बजट आये उसमें इन देहात के, पांच लाख गांवों के किसानों के लिये, जिसमें कि 80 फी सदी आबादी तमाम देश की रहती है उन का काया कल्प करने के लिए और ज्यादा गुंजाइश रुपये की होनी चाहिए। मैं इस सिलसिले में इशारा करना चाहता हूं कि शहर तो आगे डेवलप हो सकते हैं लेकिन हिन्दुस्तान को डेवलप करने के लिए, इस गरीब देश को तरक्की देने के लिए देहात को आप को झिंझोड़ना होगा पड़ेगा और जिस गफलत की हालत में देहात को रखा जा रहा है उसको आपको चकाचौंध करना पड़ेगा डेवलप मेंट करके। देहात आज गन्दगी के ढेर हैं। वह कच्चे मकानात, छोटे छोटे मकानात की बदनुमा बस्तियां बनी हुई हैं। वहां कोई लैट्रिन वगैरह या पक्की सड़कें नहीं, और जो इस तरीके की सुविधाएं सैनिटेशन वगैरह की होती हैं वह भी वहां नहीं हैं। इसलिए हर एक गांव को सड़क से मिलाना है। उसमें बिजली ले जानी है। हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोलना है और पांच पांच सात सात मील की दूरी पर मिडिल स्कूल कायम करना है। हर दस मील पर हाई स्कूल ले जाना है और अगर कोशिश हो सके तो पांच सात साल के अन्दर ही पन्द्रह या बीस मील पर एक कालेज साइंस का या आर्टस का या ऐग्रीकल्चर अथवा इंजीनियरिंग का कायम करना है। यह तभी होगा जब साधन सुलभ होंगे। लेकिन जो कुछ हुआ है अब तक, मेरे भाई कुछ कहते रहें मगर अपने दिल पर हाथ रख कर पूछें क्या हमारा वही हाल है जो बीस साल पहले था ?

एक माननीय सदस्य : उस से ज्यादा खराब है ।

श्री रणधीर सिंह : गलत बात कहते हैं। हर स्फेयर में हमने तरक्की की है। चाहे किसान की साइड में देखें, मैं किसान होते हुए यह बात कहता हूं, चाहे मजदूर की साइड में देखें, हरिजन की साइड में देखें, बैकवर्ड भाइयों की साइड में देखें या जोगी बैरागी तेली नाई धोबी कोई भी हो, हर साइड में देहात के अन्दर अंग्रेजों के वक्त से दुगुनी और तिगुनी तरक्की हुई है और यह कांग्रेस सरकार की बदौलत है। मेरे भाई ठेका उठाये फिरते हैं सारे देश के आगे सिंडिज्म का, सारे देश के सोशलिज्म का और यह समझते हैं कि इनका जैसे ख्याल वाले देश में और कोई नहीं है। पिछली एक सदी में चार करोड़ आदमी लुकमाए-अजल हो गये थे, मौत के मुंह में चले गये थे, सन 1801 से लेकर 1901 तक 31 कहत पड़े थे, जिसमें हिन्दुस्तान के चार करोड़ आदमी मर गये थे। इसी तरह से सन 1945-46 में बंगाल में एक ही कहत पड़ा, उसमें डेढ़ मिलियन आदमी मर गये थे। यह सब मैं अंग्रेजों के वक्त की बात कह रहा हूं, लेकिन कांग्रेस की हुकूमत ने सन 1947 के बाद एक-एक मन गेहूं अमरीका या दूसरे देशों से 100-100 रु० मन खरीदा, लेकिन एक भी आदमी को लुकमाये-अजल नहीं होने दिया। इस हुकूमत के सरबराह वे लोग हैं जिसने गांधी को पैदा किया, जिसने जवाहरलाल को पैदा किया, जिसकी रहबरी आज श्रीमती इन्दिरा गांधी और हमारे डिप्टी प्राइम मिनिस्टर मोरारजी भाई कर रहे हैं। इस में अशोक मेहता जैसे दिमाग बैठे हुए हैं। आपकी पार्टी में तो खिंचाव है, लेकिन अगर कोई समाजवादी दिमाग हमने अपने प्लैनिंग का इन्चार्ज किया है, तो अशोक मेहता जैसे शख्स को किया है जो अब्बू रखते हैं, काबलियत रखते हैं समाजवाद पर। जहां ऐसे आला दिमाग हैं, हमारे डिप्टी प्राइम मिनिस्टर, प्लानिंग मिनिस्टर और जहां जगजीवन राम जैसे गरीब घर में पैदा हो कर आज सारे देश के फूड मिनिस्टर हैं, ऐसे आला दिमाग मिलेंगे तो मैं नहीं समझता हूं कि कोई फिक्र करने की बात है।

एक बात जो मैं कहना चाहता हूं, डिप्टी स्पीकर साहब, वह यह है जहां सरकार ने एक्सपोर्ट्स और इम्पोर्ट्स में कुछ कन्सेशन

दिया है, डाइरेक्ट टैक्सेज में कुछ कन्सेशन दिया है, कारपोरेट टैक्सेज में कुछ कन्सेशन दिया है, मैं यह समझता हूं कि बजाय इन चीजों में कन्सेशन दिया जाता, यह कन्सेशन देहात की तरफ ज्यादा से ज्यादा जाना चाहिये था, उनको लगान में माफी देने की तरफ डाइवर्ट किया जाता । आज जरूरत इस बात की है कि देश में एक नारा लगे, पूरे जोर से नारा लगे कि गरीब किसान को, जिसके पास पांच या दस एकड़ जमीन है, उस से कोई मालगुजारी नहीं ली जायगी । यूनियन टैरिटरीज में भी, सारे देश में एक यूनीफार्म ला पास किया जाय । मैं अपने डिप्टी प्राइम मिनिस्टर साहब और फूड मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि हमारी तरफ से इनीशियेटिव हो, पहल हो कि यह तरक्की पसन्द कदम सेन्टर की तरफ से उठा है, इसमें पार्टी की भी वाहवाही होगी और जो समस्या है, वह हल होगी और गरीब किसान को राहत मिलेगी ।

एक दूसरा नारा हमारी तरफ से "क्राप-इन्शोरेन्स" का होना चाहिये । मैं यह बात क्यों कहता हूं ? इसलिये कहता हूं कि हम किसान को झंझोड़ें, उस के अन्दर एंटीचूड लायें, उस को ऐसा अहसास करायें कि उसी ने इस देश को बचाना है वही एक ऐसा आदमी है कि जिस तरह एक सिपाही जिम्मेदार होता है, उसी तरह से भूखमरी को दूर करने के लिये वह जिम्मेदार है और देश का जो अपमान बाहर से अनाज लाने में होता है, उस अपमान से किसान ने देश को बचाना है और वह तब ही बचेगी जब कि आप किसान को हर बात में सहूलियत दें, उसकी मालगुजारी माफ करें । किसान की फसलों की इन्शोरेन्स स्कीम बनाई जाय, इसमें ज्यादा लम्बी चौड़ी रकम की जरूरत नहीं है, सिर्फ किसान को बताने की बात है कि यह हुकूमत ऊपर से लेकर नीचे तक किसान के हित में है तथा किसान को ज्यादा से ज्यादा एन्केज करना चाहती है ।

तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं, वह मैंने पहले भी कही थी और आज फिर उसी को दोहराना चाहता हूं । श्री जगजीवन राम जी यहां पर बैठे हुए हैं—एक ऐग्रीकल्चर की फाइनेन्शल कारपोरेशन होनी चाहिये । जब आपकी इण्डस्ट्रियल फाइनान्स कारपोरेशन है और थोड़ी शरह सूद पर आप रुपया देते हैं, उसी तरह का इन्तजाम किसान के लिये भी होना चाहिये । मोरारजी भाई ने कहा है कि हम पांच करोड़ रुपया लोन मार्टगेज बैंक को दे रहे हैं, मैं बड़े अदब से कहूंगा कि यह रकम काफी नहीं है, किसान को आज क्रैडिट फैसिलिटी की जरूरत है । उसे पांच-सौ, सात सौ या हजार रुपया नहीं चाहिये उसे पांच हजार या सात हजार रुपया चाहिये और वह भी लम्बी टर्म के लिये चाहिये, साल दो साल के लिये नहीं । हम देखते हैं कि सरकार तकावी देती है, लेकिन अगले साल ही उसकी वसूली के लिये कुड़की करना शुरू कर देती है, किसान ऐसा ऋण नहीं लेना चाहता, जिससे उसकी बेइज्जती हो, वह तकावी का रुपया नहीं लेना चाहता, वह कोआपरेटिव सोसाइटी से रुपया नहीं लेना चाहता, वह प्राइवेट मनी-लेन्डर से रुपया नहीं लेना चाहता, जिससे उसकी परेशानी में इजाफा हो । मैं दरख्वास्त करूंगा कि आप हुकूमत की तरफ से इस किस्म का एक कारपोरेशन कायम करें और उसमें एक अरब रुपया कहीं से प्रोवाइड करें । अगर किसान मर गया, तो उससे देश कमजोर होगा, इस लिये उसको छूट दें और एक-एक गांव में दो-तीन ट्यूब-वेल का इन्तजाम करें । अगर ट्यूब वेल्ज का इन्तजाम हो सका तो सारी जमीन सरसब्ज हो जायगी, सैराब हो जायेगी और आप देखेंगे कि खाली हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि वह और देशों को भी खिला सकेगा । मेरे हिन्दुस्तान की एक तिहाई जमीन इस वक्त ऐसी है, जहां पानी नहीं पहुंचता । ट्यूब-वेल बनाइये, सरकारी ट्यूब-वेल बनाइये । अगर ज्यादा इस्टेब्लिशमेन्ट की वजह से नहीं बना सकते हैं तो किसानों

[श्री रणधीर सिंह]

को पया दें, पांच हजार रुपया दें—जो कि ट्यूब-वेल बनाने में लगता है ।

यह एक ऐसी बात है, जिसकी वजह से मेरे दिल में दर्द होता है । जब वह पांच हजार रुपया ट्यूब-वेल के लिये मांगता है, और हुकूमत की तरफ़ से इन्स्ट्रक्शन्ज़ हैं कि तीन महीने में ट्यूब वेल का रुपया दिया जाय, तीन तीन साल तक उसको ट्यूब-वेल का रुपया नहीं दिया जाता । उस पांच हजार रुपये में से दो हजार रुपये किसान को रिश्वत के देने पड़ते हैं– नीचे से लेकर ऊपर तक । डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह बात इसलिये कहना चाहता हूं कि मैं अभी एक महीने तक अपने सारे हल्के में घूम कर आया हूं, 100 गांवों के किसानों ने रोते हुए कहा कि हम देश को निर्भर बनायेंगे, देश की पैदावार को बढ़ायेंगे, लेकिन जो चीज चाहिये वह तो दो । हर किसान बिजली और रुपया चाहता है, अगर ट्यूब-वेल के लिये उसको रुपया दे दें, उस के लिये पानी का बन्दोबस्त कर दें, तब आप देखना कि इसका कितना शानदार नतीजा निकलता है ।

एक चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि किसान अब इन मण्डियों की लूट-खसोट को बरदाश्त नहीं करेगा । आपने स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन बनाई है, लेकिन उसको ज्यादा से ज्यादा इफेक्टिव बनाइये । जो अनाज किसान पैदा करता है, उसका सही रिटर्न उसको मिलना चाहिये । मैंने अन्दाजा लगाया है कि अगर एक मन गेहूं पैदा करने में किसान का 45 या 46 रुपया लगता है, तो वह चाहेगा कि जो रुपया उसका लगा है, उस का ठीक रिटर्न उसको मिले । स्टेट ट्रेडिंग की मारफत आप किसानों की जिन्स को लें, उसको कुछ रुपया फस्ल के मौके पर दें, उसके लिए रियूमनरेटिव प्राइस मुकर्रर कर दें, जितना पैसा उसका लगता है, उससे ज्यादा पैसा उसको दें, ताकि उसकी मेहनत का उसको सही रिटर्न मिल सके और अपनी पैदावार को बढ़ाने में उसका हौसला आफजाई हो सके ।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें एक मियाद मुकर्रिर करनी चाहिये । डा० लोहिया ने भी आज इस बात का जिक्र किया है कि हमें एक प्लान बनाना पड़ेगा, जैसे हमारे पांच साला प्लान हैं, उसी तरह से इर्रिगेशन देने के लिये हमें एक पांच साला या सात साला प्लान बनाना होगा । जिसके मुताबिक पांच साल के अन्दर एक एक चप्पा जमीन को पानी देना होगा, अगर हम जमीन को पानी दे सके तो आप देखेंगे कि हमारी उपज किस तेजी से बढ़ती है ।

एक बात खास तौर से मैं फर्टीलाइजर के बारे में कहना चाहता हूं । फर्टीलाइजर, बीज और बिजली– ये किसान के मीडियम आफ़ प्रोडक्शन हैं ।

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member may continue his speach tomorrow.

17.28 hrs.

NATIONAL FOOD BUDGET*

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय खाद्य बजट के सम्बन्ध में जो प्रश्न पूछा गया था और जो उस का उत्तर आया है, उस को लेकर मैं यह बहस उठाना चाहता हूं । आपको याद है कि 30 मई को इस सदन में मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन के बारे में कुछ सवाल पूछे गये थे, जिसमें राष्ट्रीय खाद्य बजट का सवाल भी पूछा गया था तथा सरकार की ओर से निम्न उत्तर दिया गया था—

*Half-An-Hour Discussion.

"It was recognised that the tentative national food budget placed before the Conference had some limitations on account of the imperfect data available relating to production, consumption etc. It was, therefore, felt that in order to meet the difficult situation during the year it would be necessary to proceed on an *ad hoc* basis."

उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय से यह मांग की गई थी कि राष्ट्रीय खाद्य बजट का जो मस्विदा उन्होंने मुख्य मंत्री सम्मेलन के सामने रक्खा था वह सदन की टेबुल पर भी रक्खा जाय लेकिन जान बूझ कर खाद्य मंत्री ने यह सदन की टेबुल पर नहीं रक्खा। किसी भी मंत्री का यह फर्ज होना चाहिए कि सदन जो जानकारी मांगता है वह जानकारी उन को तत्काल दें। वैसे तो स्वयं ही देनी चाहिये और मांगने पर तो बिलकुल इंकार नहीं करना चाहिये। लेकिन यहां अजीब हाल है? इसमें कोई राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है फिर क्या वजह है कि मंत्री महोदय अपने आंकड़े और अपना मस्विदा सदन के सामने रखने के लिये तैयार नहीं हैं? मेरा अपना अंदाज है अनुमान है कि वह इसलिये नहीं रखना चाहते हैं कि राष्ट्रीय खाद्य बजट का उन्होंने जो आधार बनाया था उसमें इतनी विषमता, असमानता और अमानुषता थी कि उनकी हिम्मत नहीं पड़ रही है सदन के सामने आने की। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे पास वह कागज नहीं है मैं कोशिश कर रहा हूं प्राप्त करने की अगर मुझको मिल जाएगा तो मैं स्वयं रख दूंगा। लेकिन मुझे खबर मिली है कि उस में इन लोगों ने कहा है कि कुछ राज्यों के आदमी जो हैं वह साल में 108 किलो या 112 किलो अनाज खाकर जिंदा रह सकते हैं और कुछ राज्य ऐसे हैं कि जिनको 120 मिलना चाहिए, 130 मिलना चाहिए और कुछ राज्य शायद ऐसे भी हैं कि जहां 140 किलो देने की बात कही गई है। जैसा कि हमेशा होता है माननीय खाद्य मंत्री जिस इलाके से आते हैं वह क्या अभागा इलाका है, फी व्यक्ति राज्यवार आमदनी का जहां तक सवाल है हिन्दुस्तान में सब से गरीब इलाका बिहार का इलाका है। सरकार के पास मैं ने कई दफे कहा कि तीन योजनाएं खत्म हो चुकीं चौथी योजना आप बना रहे हो लेकिन अभी तक राज्यवार फी व्यक्ति आमदनी क्या है उसका अभी तक पता नहीं। कई सवाल मैंने पूछे मगर कह दिया गया कि योजना मंत्रालय अध्ययन कर रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि इसका कब और कैसे पता चलेगा? अगर आप ठीक योजना बनाना चाहेंगे तो किस राज्य की क्या आवश्यकता है, कहां गरीबी ज्यादा है, स्वास्थ्य का इंतजाम सबसे खराब कहां है, शिक्षा की कमी कहां है इन चीजों का पता लगाना चाहिए। जब तक सरकार स्वयं इसके बारे में आंकड़े इकट्ठे कर के सदन के सामने नहीं रखती है और अपनी आर्थिक योजना भी उसी के आधार पर नहीं बनाती है। देश में संतुलित विकास नहीं हो पायेगा।

इसी तरह फी व्यक्ति अनाज की उपलब्धि पिछले पांच वर्षों में क्या रही उस के बारे में भी हमने कई सवाल पूछे थे लेकिन अखिल भारतीय औसत तो ये हर साल बतलाते हैं कि इस साल इतनी उपलब्धि रही, पिछले साल इतनी थी और कितनी कम हो गयी है। अखिल भारतीय औसत आंकड़े तो आ रहे हैं। लेकिन राज्यवार आंकड़े नहीं आ रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आज बिहार है, उत्तर प्रदेश है, राजस्थान है या हिन्दुस्तान के जो दूसरे पिछड़े हुए इलाके हैं उन में अनाज की फी व्यक्ति उपलब्धि अखिल भारतीय औसत है उस से दो या डेढ़ या ढाई आउंस कम है। उस के बारे में तथ्य और आंकड़े सदन के सामने नहीं रक्खे गये हैं। फी व्यक्ति आमदनी के औसत के आंकड़े शायद इनके पास उपलब्ध नहीं है लेकिन लोकनायक की जो संस्था

[श्री मधु लिमये]

है उस ने दो दफे इसके बारे में आंकड़े प्रकाशित किये हैं और इन आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 15 वर्षों में राज्यवार फी व्यक्ति जो आमदनी है, पर कैप्टा इनकम स्टेटवाइज उसमें जो अन्तर है, विषमता है वह कम होने के बजाय बढ़ती चली जा रही है। फिर मैं जिक्र करना चाहता हूं कि बिहार है, उत्तर प्रदेश है, राजस्थान है, उड़ीसा है, इन राज्यों की आमदनी और आंध्र, महाराष्ट्र के भी कुछ ऐसे जिले हैं और दूसरे इलाकों के भी जिले हैं जिनकी कि आमदनी बहुत कम है। पश्चिमी बंगाल चूंकि उसमें कलकत्ता है, उसी तरह पंजाब है जहां अंग्रेजों के जमाने से विकास पर पूंजी लग रही है, नहर आदि को लेकर महाराष्ट्र चूंकि उसमें बम्बई है, मैं देहाती इलाकों की बात नहीं कर रहा हूं फी व्यक्ति औसत आमदनी बिहार से दुगुनी है। इनके बारे में कोई आंकड़े नहीं दिये जा रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, एक और दुःख की बात है। मैं कभी कभी अपने को भी दोष देता हूं कि दो साल हो गये मेरे ध्यान में यह बात कैसे नहीं आई कि आप ने खेती के दाम निश्चित करने के लिए एक कमीशन बनाया। उस की एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई। यह मेरे पास है। यह करीब करीब दो साल पहले की रपट है। उस के बाद मेरा खयाल है कि 10–11 रपट आ चुकी हैं। इन में से एक भी आप ने प्रकाशित नहीं की है। अभी गेंहूं के बारे में, जूट के बारे में रपट आई है। यह रपट भी आप ने प्रकाशित नहीं की है। मैं आज खाद्य मंत्री से जानना चाहता हूं कि पहली रपट प्रकाशित करने के बाद आज तक इन्होंने बाकी रपटों को क्यों नहीं प्रकाशित किया? सारांश तक नहीं है। मैं समझता हूं कि उस का कारण यह है कि एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन ने अपनी विभिन्न रपटों में सरकार की खाद्य नीति की घोर आलोचना की है। वह डरते हैं कि उन्होंने ही जो कमिशन बनाया जो रपट है, जो सिफारिशें हैं उनके प्रकाशित होने से सरकार को नुक्सान पहुंचेगा।

मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि राष्ट्रीय खाद्य बजट इसलिए नहीं बन रहा है कि खाद्य के बारे में इनकी कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है। कल ही एक सवाल यहां पर पूछा गया कि इनकी जो देश को टुकड़ों टुकड़ों में बांट देने की नीति है, जिसके कारण इधर का अनाज उधर नहीं जाता, उसका क्या नतीजा हो रहा है? ऐसा सवाल पूछा गया था। मेरा खयाल है कि देसाई साहब का यह सवाल है। उस में उन्होंने पूछा है कि विभिन्न राज्यों में जो अगल बगल में हैं, उनमें उसी अनाज के दाम क्या हैं? एक बड़ी विचित्र चीज मिलती है और खुद सरकार ने जवाब में स्वीकार किया है कि यह जो मोटे अनाज का मई महीने में थोक दाम 170 रुपये क्विंटल था और उसी का दाम महाराष्ट्र में साढ़े 68 रुपये था। इसी तरह मैं पंजाब और दिल्ली का भी जिक्र करूं। अनाज के दाम पंजाब में 77 रुपये है दिल्ली में 57 रुपये है। यह ज्यादा आंकड़े मैं देना नहीं चाहता लेकिन बात बिल्कुल साफ है कि इन्होंने देश में जो कई पाकिस्तान पैदा किये हैं उस का यह नतीजा हुआ है कि आज हिन्दुस्तान के कई इलाके चूसे जा रहे हैं, लूटे जा रहे हैं। इसलिए मैं माननीय मंत्री से कहूंगा कि खाद्य के बारे में वह बुनियादी बातों पर सोचें। उन से एक दफा पूछा गया कि खाद्य के बारे में हिन्दुस्तान में व्यक्ति की आवश्यकता क्या होती है, तो उन्होंने बड़ा अजीब जवाब दिया है। जब उन से आवश्यकता के बारे में पूछा गया तो वह यह जवाब देते हैं :

"There is no uniform daily requirement of foodgrains per person even in India. The requirement of foodgrains by a person depends on his income."

यानी खाद्य की आवश्यकता आमदनी पर निर्भर करती है। उपलब्धि या खरीदने की शक्ति आप कहेंगे उस पर निर्भर करती होती तो मैं मानता। लेकिन हमारा एक साधारण औसत तो निकालना चाहिये कि कम से कम जिन्दा रहने के लिये, ठीक तरह से, हिन्दुस्तान में गल्ले की इतनी आवश्यकता है। हर एक रोज किसी भी व्यक्ति को इतना अनाज देने की जिम्मेदारी, मैं समझता हूं, सरकार की और शासन की है। शासन से मेरा हर्गिज यह मतलब नहीं है कि केवल केन्द्रीय सरकार की। उस में मैं राज्य सरकारों को भी समाविष्ट करता हूं। लेकिन जब इस किस्म के ऊट पटांग जवाब आते हैं तो उस का मतलब होता है कि खाद्य मंत्री की राय में जो गरीब लोग हैं, हरिजन हैं, आदिवासी हैं, पिछड़े वर्ग के लोग हैं, जो ज्यादा मर रहे है बिहार में, उत्तर प्रदेश में, मध्य प्रदेश में—यही लोग मर रहे हैं पिछड़े हुए क्षेत्रों और वर्गों के जिन की आमदनी कम है--उन को अधिक खाद्य की आवश्यकता नहीं है। अगर यह कहते कि जितनी आवश्यकता है उतना नहीं मिल रहा है और उसे दिलाने के लिये हम राष्ट्रीय नीति बना रहे हैं, एक राष्ट्रीय बजट बना रहे हैं तो उन की बात मानता।

आप की मार्फत जो जानकारी मैंने मांगी है वह मंत्री महोदय देने की कृपा करें और अपनी राष्ट्रीय खाद्य नीति क्या है, उस की मोटी मोटी बातें क्या हैं, यह सदन के सामने रखने का कष्ट करें।

Shri R. K. Amin (Dhandhuka): Sir, I would like to ask one question.

Mr. Deputy-Speaker: According to rules only those who have intimated to me their desire to put a question will get a chance to do so. Only one question is allowed to be put by a Member. I will be very strict about the rules. It is a half-hour-discussion. He wants further clarification and information regarding a question where he was not satisfied with the reply.

Shri S. S. Kothari (Mandsaur): Sir, I have to build up the background.

Mr. Deputy-Speaker: If everybody starts building up the background this discussion will not be over in half-an-hour.

Shri S. S. Kothari: Sir, it is not even second-class-citizenship, my name is there on the motion.

Mr. Deputy-Speaker: Because your name is there, you have no right.

Shri S. S. Kothari: Then these rules should be changed.

Mr. Deputy-Speaker: That is another matter.

श्री मधु लिमये: इसीलिए मैंने कम समय लिया है। उन्हें दो चार मिनट तो दीजिये। वह हस्ताक्षर करने वालों में हैं।

Mr. Deputy-Speaker: There are several other people who have intimated their names to me.

Shri Srichand Goel (Chandigarh): Sir, it has been the practice in this House....

Mr. Deputy-Speaker: I have been here for the last ten years. I am following the rules. He may put his question.

Shri Srichand Goel: I only want to remind you of the practice that we have been following in this House.

Mr. Deputy-Speaker: I know the practice in this House. Let not the hon. Member take the time of the House over that.

श्री यशपाल सिंह (देहरादून) : सवाल यह है कि जिन्होंने इस तरह का क्वेश्चन दिया है, जिन्होंने इस तरह का नोटिस दिया है, कम से कम उन को समय मिलना चाहिये ।

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. Shri Kothari may put his question.

Shri S. S. Kothari: In view of the recent Hare-up in the West Asian situation, the whole national food budget which, as Shri Limaye said, has not been brought before the House, would have to be amended. The Food Minister has to amend it and present it before the House. Because the ships will have to be diverted along the Cape of Good Hope, it would mean a delay of about 15 days. What is your assessment of your being able to fulfil the demands of the various States and the amount of foodgrains that you are going to supply to them?

Mr. Deputy-Speaker: It does not arise out of this.

Shri S. S. Kothari: If it does not arise, what else will arise? The whole national food budget has to be abandoned. This budget is affected; that is a basic and fundamental point. If we ignore that, what is the use of discussing the national food budget?

The Minister of Food and Agriculture (Shri Jagjiwan Ram): The situation which the hon. Member is referring to was not in existence when he sent his notice.

Shri S. S. Kothari: But the current situation has to be taken into account.

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) : उपाध्यक्ष महोदय, जिस तरह से विशेष वर्गों के लोगों के लिये खाने की मात्रा अधिक है तो क्या उसी तरह से खाद्य का वितरण हो रहा है ? सैनिक, असैनिक और अर्धसैनिक कर्मचारियों, खासकर पुलिस को जो भोजन दिया जाता है अथवा संसद् सदस्यों को, इस की मात्रा क्या अधिक है औरों की अपेक्षा ? यदि हां, तो इस में कितना अन्तर है ?

श्री जगजीवन राम : इस का बजट से कोई सम्बन्ध नहीं है

Shri E. K. Nayanar (Palghat): The Government of India has not chalked out a national plan for the nearest future. Some ten years back the Food grains Inquiry Committee made some suggestions. One of the suggestions was that until there is social control over the wholesale trade we shall not be in a position to bring about stabilisation of the wholesale prices in foodgrains. That has not been taken into account. Following this recommendation by the Foodgrains Inquiry Committee in 1957, the National Development Council decided in November 1958 that the State should take over the wholesale trade in foodgrains.

Mr. Deputy-Speaker: Please come to your question.

Shri E. K. Nayanar: Even with the import Government have a national food plan. If Government procures all the surplus food in India, Government can give at least 15 ounces *per capita* per day. That has been explained by the well-known economist Dr. Raj in January last year. 15 ounces *per capita* per day is the production needed to supply every Indian reasonable food. In no year in the last decade has the *per capita* availability of foodgrains fallen below this level and except in two years, 1951-52 and 1952-53 it would have been possible to ensure this from domestic production. That is why I am asking if Government is prepared to take over all the surplus and the responsibility of the wholesale trade, as recommended by the National Development Council in 1958.

श्री रबी राय (पुरी) : उपाध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय बतलाने की कृपा करेंगे कि दो फसलों के बीच में जो खाद्यान्न का भाव बढ़ता रहता है क्या वह 16 प्रतिशत के अन्दर ही रहेगा, उस से अधिक तो नहीं बढ़ेगा ? क्या इस की सूचना मंत्री महोदय हाउस में देंगे ?

Shri Sequeira (Goa, Daman and Diu): The hon. Minister stated in his reply that the food budget would be finalised after the Chief Ministers' Conference. I would like to ask of him when is it likely now to be finalised. He also said that it was difficult to finalise the budget because the the estimate of consumption and the movement on private account were not adequate. What arrangements have been made to improve the collection of this data? What progress has been made since this question was answered? I also wish to ask him whether any steps have been taken to mobilise public opinion in favour of a national food budget? Has the radio been used, has any other mass media of communication been used? If not, are they proposed to be used and when?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I welcome this opportunity to discuss the problem raised in connection with the National Food Budget. Mr. Madhu Limaye is a very enthusiastic parliamentarian and all of us have great respect for him. But the way in which he raisd today's discussion, I do not think, there is much relevance in the point made out by him.

. . . . .

First of all, I shall be thankful to him if he brings to my notice that when Q. 20 was being discussed he made a demand that some documents which were circulated to Chief Ministers be placed on the Table of the House.

श्री मधु लिमये : मांग की गई थी । उस वक्त नहीं की गई थी बाद में की गई थी । मैं निकाल कर दे सकता हूं । उसका जवाब आपने दिया था कि ये टैंटेटिव है नहीं रखेंगे । अगर रखने के लिए तैयार हैं तो झगड़ा खत्म हो जाएगा । लेकिन उस वक्त आपने इन्कार किया था ।

Shri Annasahib Shinde: I am speaking with reference to Q. 20.

श्री मधु लिमये : मैं यह नहीं कहता हूं कि तब यह मांग की गई थी । लेकिन सदन में इस सम्बन्ध में मांग की गई थी । आपने "न" कहा था । इसलिए मुझ को कहना पड़ा ।

Shri Annasahib Shinde: This discussion is strictly confined to Q. 20.

श्री मधु लिमये : क्या सदन में इसी के सम्बन्ध में जो कहा गया है उसका उल्लेख नहीं किया जा सकता है ? इसके सम्बन्ध में एक बार जब मांग की गई थी तो उसके बारे में नहीं कहा गया था ? इस सदन में, इस सम्बन्ध में जो हुआ है, उसका उल्लेख करने का क्या मुझे अधिकार नहीं है ?

Shri Annasahib Shinde: The notice that had been given....

श्री मधु लिमये : आप तो मेरे भाषण को ही काट रहे हैं इरेलेवेंट कह कर । जो इस सदन में घटित हुआ है, उसके बारे में मैं कह रहा हूं ।

Shri Annasahib Shinde: I am not yielding. When he expressed views with which I disagree, I did not interrupt him at all.

श्री मधु लिमये : श्री जगजीवन राम जी ने कहा था कि हम नहीं रखेंगे ।

Shri Annasahib Shinde: The hon. Member need not interrupt me. I did not interrupt him when he was speaking.

Shri Sonavane (Pendherpur): Sir, is it a quarrel or a debate? There should be some control....

श्री मधु लिमये : पहले अपने मंत्रियों को आप कंट्रोल करें । हम को क्यों कंट्रोल करना चाहते हैं ? उनको पहले कंट्रोल करें ।

Shri Annasahib Shinde: Let us take it in a sportsmanlike manner. There is nothing unparliamentary ; we should give and take.

Sir, this National Food Budget was to be discussed in the Chief Ministers' Conference. Of course, some tentative documents were circulated to Chief Ministers for the discussion. We have never expressed the view that the facts mentioned in the documents which were circulated or the figures mentioned there in were final figures. They were only suggestions for discussions. In fact, the hon. Minister of Food and Agriculture who conducted the proceedings of the Conference pointed out in the Conference that there were certain limitations because of imperfect data in regard to availability of foodgrains in the country. For instance, it has already been mentioned that reliable estimate of actual levels of consumption on Statewise basis are not available in the absence of scientific and comprehensive surveys on food consumption. Moreover, all relevant data regarding inter-State inflow or outflow of foodgrains, particularly movement by road on private account are not available. Also, data on changes in stocks with producers and traders are not available. The usual allowance made for feed, seed and wastage is 12½ per cent of the total production in every State and such an allowance differs from grain to grain. Consumption patterns are influenced by the levels of income and changes therein over time obtaining in different States. The *per capita* consumption of cereals also depends on the extent to which subsidiary foods like, potatoes, sweet potato and tapioca supplement cereals intake.

Taking all these facts into consideration, the hon. Minister of Food and Agriculture suggested that it may not be possible to proceed on the basis of tentative suggestions that were mentioned in the documents circulated to the Chief Ministers. Perhaps, the Chief Ministers also had some difficulty about it and the National Food Budget was not finalised. I do not understand why the hon. Member should be so much concerned about it. Had we taken some decision on the basis of it or had we committed some mistake, perhaps, the hon. Member would have been right in making a complaint or raising a discussion here.

May I draw the attention of the hon. House to the fact that consumption pattern and *per capita* availability of food is a very complex matter all over the world? I have got the figures of F.A.O. for various countries. Considerable studies have been made. They also indicate considerable variations. In the case of some countries, the figures is 65 kgs. per year while in respect of some other countries, the figure shown is 223 kgs. per year. The variations is so wide, from country to country, and, similarly, it must be the case in respect of our country. The per-head availability of food must be different not only from State to State, but even within a State; for instance, take the case of North Bihar where the population pressure is too much, the land-man ratio is very high; even there, the consumption pattern must be different from the consumption pattern round about Jamshedpur or Calcutta.

I know something of Maharashtra. There, some studies were conducted in regard to consumption pattern of food, comparing the per-head availability of food, the consumption pat-

tern, in Bombay city with that in the drought affected areas, the areas which are subject to recurrent famines. I myself come from an area which is subject to recurrent famine. The studies conducted indicated that the disparity between the consumption pattern round about Bombay and Poona and the consumption pattern in rural areas which are subject to recurrent famine was very wide. One fails to believe that there could be so much of disparity. As is well known, a large section of the population is poor; they have no purchasing power and that is perhaps the reason for this disparity. I have a document here, the Third World Food Survey, an authoritative publication on behalf of F.A.O. It also says that the pattern of consumption of cereals is different from region to region and within a region also. This is an expert study. May I submit for the information of the hon. House that our endeavour should be to remove this disparity, but that is not so easy; it will take quite some years and it could be brought about perhaps only by increasing agricultural production, by raising the standard of living, but even then I do not know whether it can be done. I do not know of any country in the world where consumption patterns are on par, are on level. It is very difficult to find any region in the world where consumption patterns are similar.

Another point which has been raised by the hon. members is zonal restrictions. I know many hon. members of this House are agitated over this issue. But may I submit that this issue was examined by the Foodgrains Policy Committee? The members who were associated with the Foodgrains Policy Committee were not politicians, they were economists, they were not persons belonging to any party. They themselves have indicated in their document, which is available to the House, that in the present situation in which India is placed today, it would be in the interest of the country if we continue to have these restrictions on movement from State to State. They have suggested that whenever any movement of foodgrains is to take place from one State to another, it should be only on State account and no private trade should be allowed to operate in the present circumstances; otherwise, the people will have to undergo more distress, there will be more suffering. This is the conclusion of the Foodgrains Policy Committee. This document was placed before the Conference of Chief Ministers. Ours is a federal structure; the Centre can formulate the policy in regard to such matters which are in the concurrent list only in consultation with the States because we have the joint responsibility. This document was placed before the Chief Ministers in November, 1966. The general consensus in that Conference was that the present arrangement should continue. After the General Elections, the political complexion in some States has changed. Naturally, we thought that it would be advantageous if we consulted the Chief Ministers again on this issue. This came up for discussion in the Conference of Chief Ministers in the month of April.

श्री मधु लिमये : किन राज्यों ने विरोध किया था, बता सकते हैं ?

Shri Annasahib Shinde: Yes; I can say. Bihar, U.P., Gujarat and West Bengal. They expressed the view that it would be better if State restrictions are removed, but even then, at the end, some of them expressed the view that if the Centre would allocate more food, then perhaps there would be no further complaint; they made a demand that the State restriction should be removed. But, by and large, all the other Chief Ministers expressed the view that, as far as trade between one States is concerned, it should be on State account and the present State restrictions should continue. So, we were guided by the general consensus, and we had to announce on that basis that the present arrangement would continue.

[Shri Annasahib Shinde]

18 hrs.

I think that we shou'd not try to make political capital out of it. As is well known, even in our ruling party, some Members hold the view that the present arrangement is not satisfactory. So, it is a matter which cuts across party lines. There are some Members who have honestly felt that it is not satisfactory. But I would submit that we should not try to make political capital out of it because we are passing through a very difficult situation and the only way, as I see it, out of the situation is to increase production.

श्री मधु लिमये : खेती दाम कमीशन की रिपोर्ट प्रकाशित क्यों नहीं की गई ?

Shri Annasahib Shinde: We shall definitely consider the suggestion of the hon. Member whether they can be published.

श्री मधु लिमये : यह ताज्जुब की बात है कि हमको यह कहने की जरूरत पड़ती है।

Shri S. S. Kothari: What about the commitment to the States?

Shri Annasahib Shinde: It would depend upon the availability of foodgrains. After all, food grains do not fall from the sky.

Shri S. S. Kothari: Has he assessed the situation? What is his reading of it? Has he made any tentative reading of it?

Shri Annasahib Shinde: We have such a large-scale public distribution system in our country. We have a network of fair price shops. In fact, the Centre is trying to see that as far as possible, within the availability, the needs of the various States are looked into and met, and this position has been explained by the hon. Minister in this House several times.

Shri S. S. Kothari: Now, there will be a detour of the ships round the Cape of Good Hope.

श्री मधु लिमये : उपाध्यक्ष महोदय, आप मंत्री महोदय को कह दें कि वह खेती दाम कमीशन की रिपोर्ट को प्रकाशित करें या सदन के टेबल पर रखें ।

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Minister has already said that he would consider the suggestion.

Shri Annasahib Shinde: There was a reference to wholesale trade. Our policy in regard to this is well known, namely that we want that in the days to come, the food trade comes more and more in the public sector, and we have established . . .

Shri Jagjiwan Ram: Let the State Governments procure more and more of the surplus. We would have no objection.

Shri Annasahib Shinde: The Food Corporation has been established for that very purpose. We only wish that the State Governments would take adequate steps to procure more and to see that private trade is banned, and if they do so we shall support them. This position has been repeatedly explained in this House as well as outside. We shall give all co-operation to the State Governments if they really go in a big way to have the maximum procurement, to adopt anti-hoarding measures and to have food in the public sector.

श्री मधु लिमये : दामों का फर्क भी घटाया जाये । इस समय बहुत फर्क है ।

18.04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, June 8, 1967/Jyaistha 18, 1889 (Saka).